रोहतक
शुक्रवार, 22 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 202
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 36.2
न्यून. 24.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,000.71 | 142.87 ▲ |
| निफ्टी | 25,083.75 | 33.20 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,00,620/- | 600/- ▲ |
| चांदी | 1,14,000/- | 1500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.25 | 18 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 67.44 बैरल 0.90% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

खेल मंत्रालय ने समिति को भेजे नाम

## प्रदेश की मनु, सरबजोत व अमन समेत 5 खिलाड़ियों को पद्म पुरस्कार की सिफारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने हरियाणा के तीन खिलाड़ियों शूटर मनु भाकर, सरबजोत सिंह, पहलवान अमन सहरावत समेत पांच खिलाड़ियों को पद्म पुरस्कार देने के लिए सिफरिश की है। इनमें चार खिलाड़ी मनु भाकर, सरबजोत सिंह, स्वप्निल कुशाले और अमन सहरावत पेरिस ओलंपिक के मेडलिस्ट हैं। वहीं, एक नाम चेस के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी. गुकेश का है। मंत्रालय के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से ये नाम पद्म पुरस्कार समिति के पास भेजे गए हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 1 मई से 15 सितंबर के बीच करना होता है। पुरस्कार समिति 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) के मौके पर पुरस्कारों की घोषणा करती है। पद्म पुरस्कार समिति का गठन हर साल प्रधानमंत्री करते हैं।



मनु भाकर | सरबजोत सिंह | अमन सहरावत | डी गुकेश | स्वप्निल कुशाले

### नीरज-श्रीजेश को पहले मिल चुका है पद्म पुरस्कार

भारत ने पिछले साल अगस्त-सितंबर में आयोजित पेरिस ओलंपिक गेम्स में 6 मेडल जीते थे। इनमें एक सिल्वर, 5 ब्रॉन्ज शामिल रहे। पेरिस में भारत को मेडल दिलाने वाले खिलाड़ियों में नीरज चोपड़ा को पद्मश्री और हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश को पद्मभूषण मिल चुका है। नीरज चोपड़ा को 2022 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद्मश्री प्रदान किया था।

### पीएम करते हैं समिति का गठन

पद्म पुरस्कार समिति का गठन हर साल प्रधानमंत्री करते हैं। कैबिनेट सचिव इस समिति के अध्यक्ष होते हैं। इसमें गृह सचिव, राष्ट्रपति के सचिव और 4 से 6 मेंबर शामिल होते हैं। समिति की सिफारिशें अनुमोदन के लिए प्रधानमंत्री और भारत के राष्ट्रपति को प्रस्तुत की जाती हैं।

## हरियाणा विस का मानसून सत्र आज से, हंगामे के आसार, सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र 22 अगस्त यानी शुक्रवार को दोपहर दो बजे से शुरू होगा। इस बार विधानसभा में हंगामे के पूरे आसार हैं। विपक्ष ने सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। विपक्ष कानून व्यवस्था, भारी बारिश में फसल खराबे और भिवानी की शिक्षिका की संदिग्ध मौत जैसे मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष पर हमला करने की तैयारी में हैं। बृहस्पतिवार को डिप्टी स्पीकर डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि मानसून सत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और बाकी तैयारी कर ली गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी अफसरों ने समीक्षा कर ली है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा का पहरा लगा दिया है।

- डिप्टी स्पीकर डॉ. मिड्ढा ने दी जानकारी, सरकार भी पूरी तरह से तैयार
- सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी अफसरों ने समीक्षा की
- सत्र की कार्यवाही की अवधि 3 दिन रहेगी, अंतिम निर्णय बीएसी ही करेगी

### 304 अतारांकित और 160 तारांकित सवाल मिले



डॉ. कृष्ण मिढ़ा ने बताया कि सत्र के लिए विधायकों की ओर से 304 अतारांकित सवाल भेजे गए हैं। 160 तारांकित सवाल भेजे हैं। इनमें से हमने ड्रॉ सिस्टम के माध्यम से 60 सवाल चुन लिए हैं। इसके अलावा 30 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी भेजे हैं। जिनमें से किन-किन पर पर चर्चा होगी, इसको लेकर बाद में फैसला होगा। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि सत्र की कार्यवाही की अवधि 3 दिन के लिए रखी गई है लेकिन इस बारे में कोई भी अंतिम फैसला बीएसी ही करेगी। जिसमें विचार के बाद में इसकी अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। सभी विधायकों से अपील करते हुए कहा कि विधायक जो भी मुद्दे उठाएंगे। सरकार की ओर से उनका जवाब दिया जाएगा।

**नेता प्रतिपक्ष नहीं होने पर कहा-कांग्रेस रिकॉर्ड बना रही**

कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति नहीं होने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्ड बनाने की तरफ बढ़ रहे हैं, जिस तरह से भाजपा ने लगातार 3 बार केंद्र में और हरियाणा में सरकार बनाई है, उसी तरह से कांग्रेस भी यह रिकॉर्ड बनाना चाहती है कि वह 3 बार बिना नेता प्रतिष्ठ के सदन में आई है।



शिक्षिका मनीषा का 9वें दिन हुआ अंतिम संस्कार

## पुलिस की जांच बंद, अब सीबीआई खोलेगी राज

**लोहारू/भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश के बहुचर्चित भिवानी की शिक्षिका मौत प्रकरण में गुरुवार को सुबह गांव ढाणी लक्ष्मण में मृतक अध्यापिका मनीषा का अंतिम संस्कार कर दिया। छोटे भाई नितेश ने मुखाग्नि दी। इस दौरान पिता संजय फूट-फूट कर रोए। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। अंतिम संस्कार के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली है। इसके साथ ही अब पुलिस ने जांच बंद कर दी है। प्रदेश सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। अब सीबीआई इस मामले के राज खोलेगी। मनीषा के शव को गुरुवार बजे भिवानी के सिविल अस्पताल से सीधा गांव ढाणी लक्ष्मण के श्मशान घाट लाया गया। बार-बार पोस्टमॉर्टम और शव के पुराने होने की वजह से हालत बिगड़ने के चलते किसी को कफन हटाकर अंतिम दर्शन नहीं कराए गए। मनीषा को अंतिम विदाई देने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण गांव पहुंचे। उन्होंने मनीषा अमर रहे के नारे भी लगाए।

- छोटे भाई ने दी मुखाग्नि, फूट-फूट कर रोए पिता, तबीयत बिगड़ी
- पोस्टमॉर्टम बार-बार व शव के पुराने होने की वजह से हालत बिगड़ी

### पुलिस ने सभी रास्ते खुलवाए

अंतिम संस्कार को लेकर गांव में पुलिस तैनात रही। इसके साथ रैपिड एक्शन फोर्स भी मौजूद रही। पुलिस ने बंद रास्तों को खुलवाया। वहीं मनीषा के अंतिम संस्कार के बाद सरकार ने पहले दादरी और फिर भिवानी से इंटरनेट पर रोक हटा दी है। भिवानी में आज, गुरुवार सुबह 10 बजे ही इसे 24 घंटे के लिए बढ़ाया गया था। इससे पहले 19 अगस्त सुबह 11 बजे से लेकर 21 अगस्त सुबह 11 बजे तक भिवानी और चरखी दादरी में इंटरनेट और बल्क मैसेज सेवाएं रोकी गई थीं।

### डीजीपी पहुंचे भिवानी

हरियाणा पुलिस ने मनीषा की मौत के मामले की जांच बंद कर दी है। सरकार के जांच सीबीआई को सौंपने के ऐलान के बाद यह फैसला लिया गया है। भिवानी पहुंचे डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि जल्द ही प्रक्रिया पूरी होने पर सारी चीजें सीबीआई को सौंप दी जाएंगी। बता दें कि 13 अगस्त को मनीषा का शव सिंघानी गांव में एक नहर किनारे संदिग्ध हालातों में मिला था।

**आम आदमी को राहत**

मंत्रिसमूह ने जीएसटी में बदलाव के प्रस्ताव को दी मंजूरी, 12% व 28% वाले स्लैब खत्म होंगे

# जीएसटी में 5% और 18% के सिर्फ दो स्लैब ही रहेंगे

### रोजाना इस्तेमाल वाली चीजें सस्ती होंगी, कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40% टैक्स का सुझाव

एजेंसी/भाषा ▸▸| नई दिल्ली

विभिन्न राज्यों के मंत्रियों के एक समूह ने बृहस्पतिवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के 12% और 28% के स्लैब को खत्म करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। अब जीएसटी के सिर्फ दो स्लैब 5% और 18% ही रहेंगे। वहीं, कुछ विपक्षी दल शासित राज्य यह जानना चाहते हैं कि इस कदम से होने वाले राजस्व नुकसान और उसकी भरपाई कैसे की जाएगी। मंत्रिसमूह के संयोजक बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यह जानकारी दी। केंद्र ने पांच-सात चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाने का भी प्रस्ताव रखा है। अभी जीएसटी के 4 स्लैब 5%, 12%, 18%, और 28% होते हैं। मंत्रिसमूह आम आदमी के लिए फायदेमंद होने पर दर और स्लैब में बदलाव के पक्ष में है, लेकिन कुछ सदस्य चाहते थे कि महंगी कारों जैसी विलासिता वाली वस्तुओं पर विशेष 40 प्रतिशत कर के अलावा एक अतिरिक्त कर लगाया जाए। चौधरी ने कहा- हमने केंद्र सरकार के प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें 12% और 28% के जीएसटी स्लैब को खत्म करने की बात है। सभी ने केंद्र के प्रस्तावों पर अपने सुझाव दिए। कुछ राज्यों ने कुछ आपत्तियां भी जताईं। इसे जीएसटी काउंसिल के पास भेजा गया है जो इस पर फैसला लेगी।



- लक्जरी कारों पर 40% की दर से कर लगेगा, जो पहले 50% से ज्यादा था
- राजस्व को लेकर विपक्ष शासित राज्य हुए आशंकित, पूछा, राजस्व नुकसान और उसकी भरपाई कैसे की जाएगी
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी में इस बदलाव से मिडिल क्लास, किसानों और एमएसएमई को बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही एक सरल, पारदर्शी टैक्स स्ट्रक्चर मिलेगा

**सिन गुड्स (40% स्लैब) में शराब, तंबाकू, ड्रग्स, जुआ, फास्ट फूड, शुगर, कॉफी, पोर्नोग्राफी आदि।**

### बीमा व हेल्थ पर टैक्स छूट से 9700 करोड़ का बोझ

मंत्रिसमूह ने व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी छूट देने के केंद्र के प्रस्ताव की भी समीक्षा की, जिससे सालाना लगभग 9,700 करोड़ का राजस्व प्रभाव पड़ सकता है। अधिकांश राज्यों ने इस योजना का सपोर्ट किया है। लेकिन यह भी कहा है कि इसका लाभ सीधे पॉलिसी होल्डर्स को मिलना चाहिए।

**केंद्र का तर्क इस बदलाव से जीएसटी सरल होगा और नियम पालन करने वालों की संख्या बढ़ेगी।**

*"वन नेशन वन टैक्स की थीम से सरकार अभी भी दूर"*

**आगे क्या**

- ये सिफारिशें जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में रखी जाएंगी। यह बैठक जल्द ही हो सकती है, क्योंकि ऐसे बड़े बदलावों पर तेजी से फैसला लिया जाता है।
- अगली बैठक सितंबर या अक्टूबर 2025 में हो सकती है। मंजूरी मिलती है, तो नई दरें 2026 की शुरुआत तक लागू हो जाएंगी। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### ये सामान सस्ते होंगे

**इन पर 12% से 5% टैक्स होगा**

जो चीजें पहले 12% स्लैब में थीं, उनमें से 99% को अब 5% स्लैब में शिफ्ट किया जाएगा

- सूखे मेवे, ब्रांडेड नमकीन, टूथ पाउडर, टूथपेस्ट, साबुन, हेयर ऑयल, एंटीबायोटिक्स, पेनकिलर दवाएं, प्रोसेस्ड फूड, स्नैक्स, फ्रोजन सब्जियां, कंडेंस्ड मिल्क, मोबाइल, कंप्यूटर, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, गीजर जैसी चीजें सस्ती होंगी।
- बिना बिजली वाले पानी के फिल्टर, इलेक्ट्रिक आयरन, वैक्यूम क्लीनर, 1000 से ज्यादा के रेडीमेड कपड़े, 500-1000 रुपये की रेंज वाले जूते, वैक्सीन, एचआईवी/टीबी डायग्नोस्टिक किट, साइकिल, बर्तन पर भी कम टैक्स लगेगा।
- ज्योमेट्री बॉक्स, नक्शे, ग्लोब, ग्लेज्ड टाइल्स, प्री-फैब्रिकेटेड बिल्डिंग, वेंडिंग मशीन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन, कृषि मशीनरी, सोलर वॉटर हीटर जैसे प्रोडक्ट भी 5% टैक्स के दायरे में होंगे।

**इन पर टैक्स 28% से 18% होगा**

जो चीजें 28% स्लैब में थीं, उनमें से लगभग 90% को 18% स्लैब में ले जाया जाएगा

- सीमेंट, ब्यूटी प्रोडक्ट, चॉकलेट, रेडी-मिक्स कंक्रीट, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी, निजी विमान, प्रोटीन कॉन्सेंट्रेट, चीनी सिरप, कॉफी कॉन्सेंट्रेट, प्लास्टिक प्रोडक्ट, रबर टायर, एल्युमिनियम फॉयल, टेम्पर्ड ग्लास।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना
हरियाणा
माह : अगस्त
दिनांक : 22 अगस्त 2025

**खबर संक्षेप**

### एचटेट : अभ्यर्थियों की 25 और 26 को वेरिफिकेशन

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 30 और 31 जुलाई को करवाई गई हरियाणा अध्यापक पात्रता (एचटेट) परीक्षा-2024 का परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित होगा। परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन होनी अनिवार्य है। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए राज्य के सभी 22 जिलों में 25 व 26 अगस्त को यह प्रक्रिया पूर्ण करवाने हेतु केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अन्य राज्यों से सम्बन्धित अभ्यर्थी अपने साथ लगते जिलों में जाकर यह प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। *हरिभूमि न्यूज*

### ऑनलाइन गेमिंग बिल राज्यसभा में भी पास

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के अंतिम दिन राज्यसभा में अमित शाह ने 3 बिल जेपीसी में भेजे जाने के लिए रखे। वहीं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑनलाइन गेमिंग बिल चर्चा के लिए रखा औरविपक्ष की नारेबाजी के बीच यह बिल राज्यसभा से भी पास हो गया गया। अब राष्ट्रपति की मंजूरी के आद यह कानून का रूप ले लेगा। इस बिल का उद्देश्य ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को छोड़कर सभी प्रकार के ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाना है। रीयल मनी गेम्स के लिए लेनदेन की सुविधा प्रदान करने वाले बैंक और वित्तीय संस्थान भी तीन साल तक की जेल या 1 करोड़ के जुर्माने सहित दंड के लिए उत्तरदायी होंगे।

(पेज 5 भी देखें)

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा दी

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले के बाद उन्हें 'जेड' श्रेणी की 'वीआईपी' सुरक्षा प्रदान की है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गुप्ता, उनके आधिकारिक आवास और राष्ट्रीय राजधानी के सिविल लाइंस क्षेत्र में राज निवास मार्ग स्थित उनके कार्यालय को भी अर्द्धसैनिक बल के वीआईपी सुरक्षा समूह (वीएसजी) द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी, जो विशिष्ट व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करता है।



- 20+ हथियारबंद सीआरपीएफ जवान 24 घंटे रहेंगे तैनात

### अब गोलचा होंगे दिल्ली के नए पुलिस कमिश्नर

सीएम पर हमले के बाद दिल्ली पुलिस के कमिश्नर को भी बदल दिया। अब दिल्ली-यूटी काडर के 1992 बैच के अधिकारी और तिहाड़ जेल के महानिदेशक (डीजी) सतीश गोलचा को राष्ट्रीय राजधानी का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। वो दिल्ली पुलिस कमिश्नर का एडिशनल चार्ज संभाल रहे आईपीएस एसबीके सिंह की जगह लेंगे। गोलचा की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब, एक दिन पहले बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सुरक्षा में चूक हुई।



### उपराष्ट्रपति चुनाव : विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने भी नामांकन भरा

**नई दिल्ली(भाषा)।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव, द्रमुक नेता तिरुचि शिवा, तृणमूल कांग्रेस की सांसद शताब्दी रॉय, शिवसेना (उबाठा) के संजय राउत मौजूद रहे। नामांकन पत्र के चार सेट दाखिल किए गए हैं, जिन पर सोनिया, राहुल सहित करीब 160 सांसदों ने बतौर प्रस्तावक और अनुमोदक हस्ताक्षर किए हैं।

## हर समस्या का समाधान अदालत से 'संभव' नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार में सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हर समस्या का समाधान सुप्रीम कोर्ट द्वारा ही किया जाए, ये जरूरी नहीं है। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रेसिडेंशियल रेफरेंस पर हो रही सुनवाई के दौरान ये तर्क दिया। केंद्र ने कहा कि कुछ मुद्दों पर सीएम की पीएम या राष्ट्रपति के साथ बातचीत होनी चाहिए। सरकार ने कहा कि हर मामले में न्यायिक समाधान के बजाए राजनीतिक समाधान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने विधेयकों को पारित करने का समय तय किए जाने के बाद राष्ट्रपति ने रेफरेंस भेजकर कोर्ट से सवाल पूछे थे।

- प्रेसिडेंशियल रेफरेंस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार का बड़ा बयान
- केंद्र का सुझाव कुछ मुद्दों पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति के बीच बातचीत होनी चाहिए

### क्या अदालतें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि अगर राज्यपाल वर्षों तक विधेयकों को रोके रखते हैं, जिससे राज्य विधानमंडल 'निष्प्रभावी' हो जाता है, तो क्या ऐसी स्थिति में अदालतों के पास "हस्तक्षेप करने की शक्ति नहीं है।" सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की, जब मेहता ने कहा कि अदालतों को ऐसी स्थिति में हस्तक्षेप करने और बाध्यकारी निर्देश देने से बचना चाहिए।

## एशिया कप में भारत और पाक का होगा मुकाबला, द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलेंगे

### केंद्र ने दी मंजूरी, कहा-मल्टीनेशनल टूर्नामेंट खेलने से नहीं रोकेंगे

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पहली बार लाई गई नई नीति के तहत भारत और पाकिस्तान किसी भी द्विपक्षीय खेल प्रतियोगिता में तटस्थ स्थान पर भी नहीं खेलेंगे, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम को अगले महीने कई टीमों के एशिया कप में खेलने से नहीं रोका जाएगा। मंत्रालय ने भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के संबंध में नई नीति का अनावरण किया, जिसे पाक पर विशेष ध्यान रखकर बनाया गया है। सूत्रों ने बताया कि यह नीति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है, जिसके तहत भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तान में द्विपक्षीय खेलों में भाग नहीं लेंगे और ना ही पाकिस्तानी खिलाड़ी भारत आएंगे। यह पूछने पर कि क्या भारतीय टीम को कई देशों के टूर्नामेंट में पाकिस्तान में खेलने भेजा जाएगा, सूत्र ने कहा, 'ऐसे हालात में हम फैसला लेंगे कि हमें जाना है या नहीं।'



### नई खेल नीति में क्या

- इंटरनेशनल व मल्टीनेशनल इवेंट्स (चाहे भारत में हों या विदेश में) में भारत इंटरनेशनल खेल संस्थाओं के नियमों और अपने खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेगा।
- भारतीय टीमें व खिलाड़ी उन इवेंट्स जैसे- कॉमनवेल्थ गेम्स, ओलिंपिक, क्रिकेट, हॉकी वर्ल्ड कप आदि में हिस्सा लेंगे, जिनमें पाकिस्तानी टीमें और खिलाड़ी खेलेंगे। यह ठीक वैसा ही है, जैसे भारत में होने वाले मल्टीनेशनल इवेंट्स में पाक, खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे।
- भारत को इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट्स की मेजबानी के लिए पसंदीदा जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों, अधिकारियों, तकनीकी कर्मचारियो की वीजा प्रोसेस आसान होगी।

### सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी, शादी एक विश्वास आधारित रिश्ता

*शादी का मतलब दो आत्माओं का साथ आना, कैसे हो सकते हैं अलग*

## अलग रहना है तो शादी न करें, पति-पत्नी में होते रहते हैं झगड़े, बच्चों का क्या कसूर

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि एक शादीशुदा जोड़े में पति या पत्नी का अलग रहना नामुमकिन है। दोनों में से कोई भी यह नहीं कह सकता कि वे अपने पार्टनर से अलग रहना चाहते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि अगर कोई अलग रहना चाहता है तो उसे शादी नहीं करनी चाहिए। पीठ ने कहा, 'हम बिल्कुल स्पष्ट हैं। कोई भी पति या पत्नी यह नहीं कह सकता कि जब तक हमारा वैवाहिक संबंध है, मैं दूसरे जीवनसाथी से स्वतंत्र रहना चाहता/चाहती हूं। यह असंभव है। विवाह का मतलब क्या है, दो दिलों, व्यक्तियों का एक साथ आना। आप स्वतंत्र कैसे हो सकते हैं?' शीर्ष अदालत एक दूसरे से अलग रह रहे एक दंपति के मामले की सुनवाई कर रही है। उनके दो बच्चे भी हैं।

### बच्चों को घर टूटा देखने को न मिले

पीठ ने कहा, 'अगर वे साथ आ जाते हैं, तो खुशी होगी, क्योंकि बच्चे बहुत छोटे हैं। उन्हें घर टूटा हुआ देखने को न मिले। उनका क्या कसूर है कि उनका दोनों पक्षों को अपने मतभेद सुलझाने का निर्देश देते हुए, पीठ ने कहा कि हर पति-पत्नी का आपस में कोई न कोई विवाद होता ही है। पत्नी ने कहा, 'एक हाथ से ताली नहीं बज सकती।' इस पर पीठ ने कहा, 'हम आप दोनों से कह रहे हैं, सिर्फ आपको नहीं।'



### महिला का यह दावा

महिला ने दावा किया कि उसका पति, जो सिंगापुर में रह रहा था और वर्तमान में भारत में है, इस मामले को सुलझाने के लिए तैयार नहीं है और केवल मुलाकात का अधिकार तथा बच्चों की अभिरक्षा चाहता है। पीठ ने हैदराबाद में रह रही महिला से पूछा, 'लेकिन आप सिंगापुर क्यों नहीं लौट सकतीं? बच्चों के साथ लौटने में क्या दिक्कत है?' महिला ने कुछ कठिनाइयों का हवाला देते हुए कहा कि सिंगापुर में पति की हरकतों के कारण उसके लिए वापस लौटना 'बेहद मुश्किल' हो गया है।

**पति की दलील :** महिला के पति के वकील ने कहा कि दोनों की ही सिंगापुर में 'काफी अच्छी नौकरी' है, लेकिन पत्नी ने बच्चों के साथ सिंगापुर लौटने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, पति को पत्नी और बच्चों का भरण-पोषण करना होगा।' साथ ही अदालत ने पति को पत्नी और बच्चों के लिए कुछ राशि जमा करने का सुझाव दिया। हालांकि, पत्नी ने न्यायालय से कहा कि वह किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहती।

## खबर संक्षेप

### सीएम 23 को करेंगे गोशालाओं को वित्तीय सहायता चेक वितरित

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 23 अगस्त को जिला फतेहाबाद के गांव बड़ोपल में पहुंचेंगे और वहां गौशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में इस जिला की गौशालाओं को सरकार द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता के चेक वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं।

### कार्य सलाहकार समिति की बैठक आज 11 बजे

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक शुक्रवार 22 अगस्त को सुबह 11 बजे विधान सभा सचिवालय में होगी। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण करेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए विधान सभा सचिवालय की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह, ऊर्जा मंत्री अनिल विज, संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा, समाज कल्याण एवं अंत्योदय मंत्री कृष्ण कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विधायक गीता भुक्कल को निमंत्रण भेजा गया है। बीएसी में विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, विधायक सावित्री जिंदल और विधायक अर्जुन चौटाला बतौर विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे।

### सरकार ने किया राज्य तिलहन मिशन का गठन

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने और खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में 'राज्य तिलहन मिशन' (स्टेट ऑयलसीड्स मिशन) का गठन किया है। मिशन का उद्देश्य तिलहन उत्पादकता बढ़ाने और खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर लागू करना है। इसके लिए राज्य स्तरीय एजेंसियों, जिला स्तर की संस्थाओं और केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा।

### 7 जिलों में 31 तक खुला रहेगा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसान हित में घोषणा की कि हाल ही में भारी बारिश, बाढ़ और जलभराव से प्रभावित 7 जिलों के 188 गांवों के किसानों को फसल क्षति का दावा दर्ज करने के लिए सुविधा प्रदान करने हेतु ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 31 अगस्त, 2025 तक खुला रहेगा। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि संबंधित उपायुक्तों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, हिसार में 85 गांव, भिवानी में 43, रोहतक में 21, पलवल में 17, चरखी दादरी में 13, रेवाड़ी में 7 और सिरसा में 2 गांव प्रभावित हैं।

### सैनी एजुकेशन सोसायटी के कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम

**चंडीगढ़।** सैनी एजुकेशन सोसाइटी रोहतक द्वारा सोसाइटी के स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में एक भव्य एवं दिव्य समारोह का आयोजन 14 सितंबर को किया जा रहा है। सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने बताया कि सीएम नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे।

---

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्व उद्यमिता दिवस पर की बड़ी घोषणाएं

# सूबे में बनेगा हरियाणा राज्य उद्यमिता आयोग, युवाओं को होगा फायदा

## हरियाणा को देश का नंबर एक स्टार्टअप हब बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

- राज्य उद्यमिता आयोग युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित भी करेगा
- सीएम ने एबीआईसी, सीसीएसएचएयू, हिसार के 22 स्टार्टअप्स को अनुदान राशि के रूप में एक करोड़ 14 लाख 30 हजार रुपये से अधिक का चेक प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित विश्व उद्यमिता दिवस समारोह में उपस्थित जन को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित विश्व उद्यमिता दिवस पर प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करने के लिए 'हरियाणा राज्य उद्यमिता आयोग' की स्थापना करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश को देश का नंबर एक स्टार्टअप हब बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका लक्ष्य राज्य में स्टार्टअप्स की संख्या को तीन गुना करना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'विश्व उद्यमिता दिवस' के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य में युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम में अनेक घोषणाएं की। इस कार्यक्रम में राज्य भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लगभग दो हजार विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 100 सफल उद्यमियों ने भाग लिया।

### स्टार्टअप आइडिया स्लोगन प्रतियोगिताएं होंगी

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सभी स्कूलों और कॉलेजों में स्टार्टअप आइडिया स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें जिला और राज्य स्तर पर विजेताओं को एक करोड़ रुपये तक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप में विकसित होने वाले विचारों को स्टार्टअप नीति के तहत सरकार से पूर्ण माइक्रोफाइनेंस सहायता मिलेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि 'वोकल फ़ॉर लोकल' पहल को बढ़ावा देने के लिए 'स्वदेशी मेले' आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

### दो हजार स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को विभिन्न उद्योगों में इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य के प्रत्येक जिले में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। युवाओं के कौशल की पहचान और विकास के लिए, जिला और राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष कौशल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री युवा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत दो हजार स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को विभिन्न उद्योगों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे, साथ ही 10 हजार रुपये का मानदेय भी दिया जाएगा।

इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ने एबीआईसी, सीसीएसएचएयू, हिसार के 22 स्टार्टअप्स को अनुदान राशि के रूप में एक करोड़ 14 लाख 30 हजार रुपये से अधिक का चेक प्रदान किया।

### विश्व कौशल ओलंपिक में हरियाणा के पदक विजेताओं को मिलेंगे 10 लाख तक के पुरस्कार

नायब सिंह सैनी ने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार 'विश्व कौशल ओलंपिक' में हरियाणा के पदक विजेताओं को 10 लाख रुपये तक के नकद पुरस्कार प्रदान करेगी। जो लोग अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, वे 10 लाख रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता के पात्र होंगे। यदि वे उद्यमिता नहीं अपनाना चाहते हैं, तो उन्हें हरियाणा भर के स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और कॉलेजों में कौशल प्रशिक्षक के रूप में रोजगार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पांच लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता मिलेगी।

### हरियाणा में 9 हजार से ज़्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप, महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयासों के परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, हरियाणा में 9 हजार से ज़्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इससे भी अधिक उत्साहजनक बात यह है कि इनमें से लगभग 45 प्रतिशत स्टार्टअप महिलाओं द्वारा संचालित हैं, जो हमारी बेटियों के बढ़ते सशक्तिकरण को दर्शाता है। आज, हरियाणा स्टार्टअप की संख्या के मामले में भारत का सातवां सबसे बड़ा राज्य है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उद्यमिता केवल व्यवसाय शुरू करने या पैसा कमाने के बारे में नहीं है। यह एक विचार से शुरू होती है और एक बेहतर व्यवसाय के रूप में फलीभूत होती है।

---

### हमारे धाकड़ खिलाड़ी दुनिया में कर रहे हरियाणा का नाम रोशन: बड़ौली



**चंडीगढ़।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली गुरुवार को सोनीपत में बास्केटबॉल प्रतियोगिता और रोहतक में पहलवानों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान बड़ौली ने खिलाड़ियां का उत्साहवर्धन किया और सफल कार्यक्रम के लिए आयोजकों और प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली रोहतक जिले के गांव सुन्दपुर स्थित महाकाल कुश्ती अखाड़ा में आयोजित पहलवानों के सम्मान समारोह में पहुंचे। यहां आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट लक्की, एशियन चैंपियनशिप ब्रॉन्ज मेडलिस्ट राहुल और वर्ल्ड पुलिस गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नायब सरकार की प्रेरक खेल नीतियों और खिलाड़ियों को मिल रहे अवसरों के कारण प्रदेश के युवा आज विश्व पटल पर अपना परचम लहरा रहे हैं। यह सब भाजपा सरकार की खेल नीति और युवाओं की मजबूत इच्छा शक्ति तथा कड़ी मेहनत से संभव हो पा रहा है।

---

**ISGEC**
**इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड**
CIN: L23423HR1933PLC000097
पंजी. कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर-135001 हरियाणा
Telephone: +91-1732-661061 / 661158
Email: roynr@isgec.com, Website: www.isgec.com

**सूचना**

(i) एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 20, कम्पनी अधिनियम 2013 ("अधिनियम") की धारा 108, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों 2015 ("लिस्टिंग नियमनें") के नियमन 44, सामान्य बैठकों (एसएस-2) पर सचिवालीय मानक के प्रावधानों तथा कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसरण में, कम्पनी इसके सदस्यों को रादौर रोड, यमुनानगर-135001, हरियाणा में स्थित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में, जिसे 92वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) हेतु स्थल माना जाएगा, **मंगलवार, 16 सितम्बर, 2025 को पूर्वा. 11.00 बजे (आईएसटी)** आयोजित की जानी निर्धारित सामान्य बैठक (एजीएम) में विचार किये जाने वाले प्रस्तावित प्रस्तावों पर वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से मत देने के लिये उनके अधिकार का प्रयोग करने के लिये उनको सक्षम बनाने के लिये इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान हेतु सुविधा प्रदान करने के लिये प्रसन्न है। कम्पनी ने इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से मतदान की सुविधा हेतु नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाओं को प्राधिकृत एजेंसी के रूप में नियुक्त किया है। दूरस्थ ई-वोटिंग प्रणाली के साथ-साथ एजीएम के दिन ई-वोटिंग का उपयोग करते हुये किसी सदस्य द्वारा मतदान करने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी।

(ii) एमसीए परिपत्रों तथा सेबी परिपत्र के अनुपालन में, एजीएम की सूचना के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक रिपोर्ट इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को जिनके ई-मेल पते कम्पनी अथवा डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट(एस) के पास बृहस्पतिवार 21 अगस्त 2025 तक पंजीकृत हैं, को भेजे जा चुके हैं। एजीएम की सूचना के साथ वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 वार्षिक रिपोर्ट टैब के तहत इनवेस्टर रिलेशन सैक्शन में कम्पनी की वेबसाइट www.isgec.com पर और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर और बीएसई लिमिटेड वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

(iii) दूरस्थ ई-वोटिंग शनिवार 13 सितम्बर 2025 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) से प्रारम्भ होगी और सोमवार 15 सितम्बर 2025 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति उक्त तिथि व समय के पश्चात् नहीं दी जाएगी।

(iv) इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मत देने के लिये पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कट-ऑफ तिथि सोमवार, 08 सितम्बर, 2025 है। कोई व्यक्ति, जिसका नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों / लाभप्रद मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है केवल उन्हीं को दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का अधिकार होगा।

(v) कोई व्यक्ति, जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता हैं और इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि अर्थात् 08 सितम्बर 2025 के अनुसार शेयरधारण करता है, evoting@nsdl.co.in पर अथवा कम्पनी / आरटीए को roynr@isgec.com, rta@alankit.com और ramap@alankit.com पर एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यद्यपि, यदि कोई व्यक्ति दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत है तो वह मत देने के लिये मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता/सकती है।

(vi) सदस्यों को वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने हेतु निर्देश एजीएम की सूचना में उपलब्ध करवाए गए हैं।

(vii) एजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्य जो दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत नहीं दे चुके हैं, एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से मत देने के लिये पात्र होंगे। सदस्य जो दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान कर चुके हैं, एजीएम में उपस्थित रहने के लिए पात्र होंगे, यद्यपि वे बैठक में मतदान के लिए पात्र नहीं होंगे।

(viii) इलैक्ट्रोनिक वोटिंग हेतु प्रक्रिया एजीएम की सूचना के साथ-साथ एनएसडीएल द्वारा सदस्यों को भेजी गई ई-मेल में उपलब्ध है। सदस्य एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट के डाउनलोड सैक्शन www.evoting.nsdl.com में उपलब्ध "ई-वोटिंग यूजर मैनुअल" भी देख सकते हैं।

(ix) सदस्य किसी पूछताछ के मामले में सदस्यों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) और www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर सदस्यों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा टोल फ्री नम्बर : 022-48867000 और 022-24997000 पर कॉल करें अथवा श्री पल्लवी महात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक को pallavid@nsdl.co.in पर अथवा evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजें। दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा ई-वोटिंग के लिए सुविधा से सम्बन्धित किसी शिकायत के मामले में, कृपया एनएसडीएल की सुश्री पल्लवी महात्रे से pallavid@nsdl.co.in पर अथवा उनकी नामांकित ई-मेल आईडी पर evoting@nsdl.co.in पर अथवा टेलीफोन नं. 022-48867000 पर सम्पर्क करें। सदस्य कम्पनी की ई-मेल आईडी : roynr@isgec.com पर भी लिख सकते हैं।

कृते इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड
हस्ता/-
(सचिन सलूजा)
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. ए 24269

स्थान : यमुनानगर, हरियाणा
दिनांक : 21 अगस्त, 2025

---

**डीजीपी शत्रुजीत कपूर बोले**

### गलत तरीके से मामलों को पेश करने व सुर्खियां बनाने वालों पर कसेगा शिकंजा



**चंडीगढ़।** हरियाणा डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने साफ कर दिया है कि बेवजह मामलों को तूल देने और खुद को सुर्खियों में रखने के लिए लोगों को गुमराह करने वाले यूट्यूबर्स पर शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा है कि इनका ब्योरा एकत्र किया जाएगा। कपूर ने कहा कि इस तरह के यूट्यूबरों का डेटाबेस एकत्र किया जा रहा है, जो खुद को प्रसिद्ध और लोगों पर प्रभाव जमाने के लिए मुद्दों को गलत तरीके से पेश करते हैं। इस तरह के लोगों पर जल्द ही बड़ी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर गलत प्रचार करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। डीजीपी ने कहा कि इस तरह के तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है।

**हरियाणा मानसून सत्र आज से**

### इनेलो की तरफ से दिए गए 10 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

**चंडीगढ़।** विधानसभा के मॉनसून सत्र को लेकर इनेलो जनता से जुड़े सभी मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। प्रदेश में खाद की कमी बारे, शिक्षण संस्थानों के लिए आरक्षित की गई जमीन को व्यावहारिक एवं औद्योगिक इकाइयों आदि के लिए आवंटित करने बारे, एसवाईएल नहर मुद्दे बारे, प्रदेश में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति बारे, सरकारी स्कूलों में हजारों की संख्या में शिक्षकों के खाली पड़े पदों बारे, जमीनों/प्लाटों के कलेक्टर रेट में बेतहाशा वृद्धि बारे, अधिक बारिश से जलभराव के कारण खराब हुई फसलों के मुआवजे बारे, वायरस से धान व जीरी की बर्बाद हुई फसलों बारे, बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि बारे और आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में प्राइवेट अस्पतालों में इलाज न होने बारे जैसे जनता से जुड़े अति महत्वपूर्ण मुद्दों पर विधानसभा में इनेलो विधायक दल के नेता अदित्य देवीलाल और विधायक अर्जुन चौटाला की तरफ से 10 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए गए हैं।

**कांग्रेसी नेत्री ने सरकार को घेरा**

### एचकेआरएन कर्मियों को हटाने पर सांसद सैलजा ने जताई आपत्ति



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन ) के कर्मचारियों को हटाए जाने के आदेशों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सरकार विधानसभा में अध्यादेश लाकर कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा की गारंटी देने का दावा करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर विभागीय आदेशों से कर्मचारियों को हटाया जा रहा है। एक ओर सीएम आश्वासन देते है कि कोई कर्मचारी नहीं हटाया जाएगा तो दूसरी ओर उनके अधिकारी कर्मचारियों को रिलीव करने में लगे हुए है। या तो सीएम इस प्रकार का बयान देकर लोगों को गुमराह कर रहे है या अधिकारी उनकी नहीं मान रहे है। सैलजा ने कहा है कि रोहतक सिंचाई विभाग के एक्सईएन डब्ल्यूएस/मैकेनिकल डिविजन की ओर 19 अगस्त को जारी पत्र क्रमांक पर 10 कर्मचारियों को हटाने के आदेश दिए गए।

---

### हिसार: विश्वस्तरीय एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर के लिए एनआईसीडीआईटी के साथ किया समझौता

#### 1.25 लाख रोजगार के अवसर होंगे सृजित

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (एकेआईसी) पहल के तहत हिसार में एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर विकसित करने के लिए नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्प्लीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी ) के साथ स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट और शेयरहोल्डर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए। यह प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सिार में 2,988 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहा एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर, हाल ही में जनता को समर्पित किये गए महाराजा अग्रसेन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के समीप स्थित है। 4,680 करोड़ रुपये की परियोजना लागत और 32,417 करोड़ रुपये की निवेश क्षमता वाले इस क्लस्टर से 1.25 लाख से अधिक रोजगार अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। ईस्टर्न एंड वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर्स के बीच बीच स्थित यह परियोजना एनएच-52, एनएच -09, रेल नेटवर्क तथा प्रमुख लॉजिस्टिक केंद्रों से उत्कृष्ट कनेक्टिविटी के कारण निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य साबित होगी। आईएमसी हिसार औद्योगिक विकास और निवेश प्रवाह को गति देने वाला एक महत्त्वपूर्ण उत्प्रेरक सिद्ध होगा।

### अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री चौटाला के उत्तराधिकारियों की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा दायर उस याचिका पर बृहस्पतिवार को सीबीआई से जवाब मांगा, जिसमें आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी करार दिये जाने के खिलाफ एक अपील में पक्षकार बनाए जाने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई 15 सितंबर के लिए स्थगित कर दी। चौटाला के कानूनी उत्तराधिकारी उस अपील को चुनौती देना चाहते हैं जो उन्होंने (चौटाला) जीवित रहने के दौरान दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि चौटाला का 20 दिसंबर 2024 को हरियाणा के गुरुग्राम में निधन हो गया और उनके चार साल के कारावास को उच्च न्यायालय पहले ही निलंबित कर चुका है।

### जींद में बंधुआ मजदूरी का मामला हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा मानवाधिकार आयोग (एचएचआरसी) ने जींद जिले में बंधुआ मजदूर बनाकर रखे गए 15 वर्षीय एक लड़के के संबंध में एक खबर का स्वतः संज्ञान लिया है और कहा है कि यह उन सुरक्षात्मक तंत्रों का पूर्णतः विफल होना है, जो बच्चों को शोषण से बचाने के लिए होने चाहिए। खबर के अनुसार, बिहार में किशनगंज जिले के निवासी लड़के को जींद जिले में एक नियोक्ता ने रोजगार का झूठा वादा करके बंधुआ मजदूरी के लिए मजबूर किया था। ऐसा बताया जा रहा है कि बच्चा बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर अपने साथियों से बिछड़ गया था, जहां उसकी मुलाकात एक अनजान व्यक्ति से हुई जिसने उसे भैंस डेयरी में 10,000 रुपये प्रति माह की नौकरी का प्रस्ताव दिया था। रोजगार के बजाय, नाबालिग को दो महीने तक जबरन मजदूरी और शारीरिक शोषण का शिकार होना पड़ा। स्थिति तब और बिगड़ गई जब चारा काटते समय बच्चे का बायां हाथ कट गया। नियोक्ता ने पिछले महीने उसे बिना किसी सहायता के एक सुनसान जगह पर कथित तौर पर छोड़ दिया।

---

### पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने जारी किए दिशा-निर्देश

# हरियाणा व पंजाब में बुलेटप्रूफ वाहनों को लेकर जल्द नीति की तैयारी

- बुलेटप्रूफ-वाहन अपने हिसाब से तैयार नहीं करा सकेंगे रसूखदार, दोनों राज्य नीति लाने की तैयारी में

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में आने वाले दिनों में रसूखदार लोग अपने हिसाब से बुलेटप्रूफ-वाहन तैयार कराकर इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। इस तरह से पड़ोसी राज्य पंजाब में रसूखदार लोगों के लिए भी शर्तें लागू रहेंगी। हरियाणा और पंजाब दोनों ही राज्य इस क्रम में नईं नीति लाने की तैयारी में हैं। हरियाणा परिवहन विभाग की ओर से इस बारे में नीति का ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। यहां बता दें कि पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा इस बारे में दोनों राज्यों को इस बारे में दिशा-निर्देश जारी किए थे। अदालत की ओर से इस बारे में अगस्त तक का वक्त दिया गया था। आमतौर पर बुलेटप्रूफ वाहन वीआईपी लोगों और रसूखदारों ने अपने अपने हिसाब से वाहनों को तैयार कर लिया था। साथ ही हरियाणा और पंजाब में भी गैंगस्टर्स ने बुलेटप्रूफ वाहनों का धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा था। हाईकोर्ट ने कईं घटनाओं के बाद में इस तरह के निर्देश जारी किए थे, साथ ही घटनाक्रम पर चिंता जाहिर की थी। हरियाणा सरकार ने भी बुलेटप्रूफ वाहनों को लेकर अफसरों को काम करने के निर्देश दिए।

### बुलेट प्रूफ वाहनों का उपयोग अपराधी भी कर रहे

यहां पर बता दें कि हाई कोर्ट की ओर से जस्टिस कुलदीप तिवारी की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपराधियों द्वारा तैयार किए गए वाहनों में चलने को लेकर सवाल उठाए और चिंता जताई थी। उन्होंने साफ किया था कि इस तरह का अपराधी, जिस पर लगभग 41 आपराधिक मामले दर्ज हैं, उक्त 'ए-श्रेणी' का गैंग्स्टर घोषित किया जा चुका है। वो खुलेआम बुलेटप्रूफ वाहन का उपयोग कर रहा था। कोर्ट ने यह टिप्पणी होशियारपुर निवासी कमलेश की याचिका पर सुनवाई करते हुए की थी। याचिकाकर्ता ने आग्रह किया कि उसकी टोयोटा फार्च्यूनर गाड़ी, जिसे पुलिस ने 8 सितंबर 2024 से जब्त किया हुआ है, उसको लौटाई जाए। उक्त गाड़ी को बुलेटप्रूफ में तब्दील कराया था, पुलिस द्वारा उसे जब्त करने की कार्रवाई को अवैध बताते हुए याचिकाकर्ता ने सवाल किए थे।

### पहले लेनी होगी अनुमति

पंजाब में भी एक कमेटी का गठन किया गया था, वाहन को बुलेटप्रूफ बनाने के लिए पहले अनुमति लेनी होगी। नियम बनाने को लेकर एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर दिया था। जिसमें छह अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञ को शामिल किया था। एडीजीपी सिक्योरिटी, एडीजीपी इंटेलिजेंस, परिवहन विभाग, उद्योग विभाग के सचिव, पंजाब के लीगल रिमेंबरेंस और तकनीकी विशेषज्ञ को शामिल किया गया है। क्या वाहन बुलेटप्रूफ करवाने से पहले उसके पास सरकारी अनुमति दिखाई गई थी या नहीं। लेकिन अब इस के लिए अलग से आरसी या दस्तावेज जारी किया जाएगा। राज्य में बुलेटप्रूफ वाहनों के मॉडिफिकेशन से संबंधित स्पष्ट नीति या नियमावली मौजूद नहीं है।

---

**उत्तर रेलवे**

**ई. निविदा**

**खुली निविदा संख्या 25-अम्बाला/2025-26 दिनांक 20.08.2025**

वरिष्ट मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीयूआई-जेएचएल खंड पर संगरूर स्टेशन पर मुख्य लाइन के सीएसआर को बढ़ाने का प्रावधान। | 36,13,215 | 72,300 | 04 महीने | 12.09.2025 |
| 2 | एडीईएन/सीडीजी के अंतर्गत एसएसई/पी.वे/एसएएसएन के खंड में ईआरसी ग्रीसिंग, उथली स्क्रीनिंग, गहरी स्क्रीनिंग, खरपतवार निकालना, टूटे हुए स्लीपरों का नवीनीकरण, स्विचों, क्रॉसिंग, टंग रेल की मरम्मत, पेड़ों, झाड़ियों और अन्य वनस्पतियों को उखाड़ना सहित विविध ट्रैक कार्य। | 82,23,916 | 1,64,500 | 06 महीने | 12.09.2025 |
| 3 | एडीईएन/सीडीजी के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर सेवा भवनों, स्टेशन भवनों में सुधार, तथा दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं सहित न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधाओं का प्रावधान। | 3,07,40,950 | 3,03,700 | 06 महीने | 12.09.2025 |
| 4 | एडीईएन/एसआईआर के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एनएलडीएम अनुभाग में 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन "बी"/आरपीएआर (आरपीएआर-डीएलपीसी) अनुभाग के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वाशिंग और पेंटिंग। | 99,98,630 | 2,00,000 | 10 महीने | 12.09.2025 |
| 5 | एडीईएन/एसएमएल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/केएलके अनुभाग में धरमपुर (डीएमपी) में सुरक्षा शिविर का सुधार/उन्नयन। | 2,43,07,139 | 2,71,500 | 09 महीने | 12.09.2025 |
| 6 | एडीईएन/एसएमएल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एसएमएल अनुभाग में शिमला में ओआरएच के वैली व्यू रेस्ट हाउस और अन्य ओआरएच सुट्स का सुधार। | 1,23,39,210 | 2,11,700 | 09 महीने | 12.09.2025 |
| 7 | एडीईएन/एसएमएल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एसएमएल खंड में शिमला में हेम कुंज, रेलवे बोर्ड और अपर रेलवे बोर्ड हॉलिडे होम्स का सुधार। | 92,45,695 | 1,84,900 | 09 महीने | 12.09.2025 |
| 8 | एडीईएन/एसएमएल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/केएलके खंड में बड़ोग रेलवे स्टेशन पर शिवालिक अधिकारी विश्राम गृह का सुधार। | 40,24,682 | 80,500 | 09 महीने | 12.09.2025 |
| 9 | एडीईएन/एसएमएल के अधीन कसौली में ओआरएच, हॉलीडे होम बीओएफ तथा सलोगरा रेलवे स्टेशन पर ओआरएच का सुधार। | 1,16,32,502 | 2,08,200 | 09 महीने | 12.09.2025 |

**नोट :-** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई - निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **2541/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

---

**HP COTTON**
**TEXTILE MILLS LTD**
**एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड**
**(CIN: L18101HR1981PLC012274)**
पंजी. कार्यालय : 15वां कि.मी. स्टोन, दिल्ली रोड, गांव व डा. मयड़, हिसार-125044
Website: www.hpthreads.com E-mail: info@hpthreads.com
Tel: +91 11 41540471/72/73, Fax: +91 11 49073410

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एच.पी. कॉटन टेक्सटाइल मिल्स लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की चवालीसवीं (44वीं) वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") 44वीं एजीएम बुलाने की सूचना ("एजीएम सूचना") में विनिर्दिष्ट बिजनेस(सेज) का सम्पादन करने के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों और उनके तहत बनाए गए नियमों और सामान्य स्रकुलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020, सामान्य सरकुलर नं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, सामान्य सरकुलर नं. 20/2020 दिनांक 05 मई 2020 और इस सम्बन्ध में जारी किए गए अनुवर्ती सरकुलर्स, नवीनतम सामान्य सरकुलर नं. 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024 के साथ पठित सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 ("एमसीए स्रकुलर्स") और सेबी मास्टर सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/PoD2/CIR/P/0155 दिनांक 11 नवम्बर 2024 के साथ पठित सेबी सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई 2020 और इस सम्बन्ध में जारी किए गए अनुवर्ती सरकुलर्स, नवीनतम सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 03 अक्तूबर 2024 ("सेबी सरकुलर्स") (एमसीए सरकुलर्स और सेबी सरकुलर्स सामूहिक रूप से "सरकुलर्स" के रूप में संदर्भित) के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/ अन्य ऑडियो वीडियो साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से शुक्रवार 26 सितम्बर 2025 को अप. 12.30 बजे (आईएसटी) आयोजित की जाएगी।

**एजीएम सूचना और वार्षिक रिपोर्ट का इलेक्ट्रॉनिक प्रसार :** वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट ("वार्षिक रिपोर्ट") के साथ एजीएम सूचना केवल उन सभी सदस्यों को ईमेल द्वारा भेजी जाएगी जिनकी ईमेल आईडी कंपनी या सीडीएसएल/एनएसडीएल (डिपॉजिटरीज) के पास पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 36(1)(बी) के अनुसार, कंपनी उन शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट के सटीक पथ सहित वेबलिंक प्रदान करने वाला एक पत्र भी भेजेगी, जिनका ईमेल पता कंपनी या सीडीएसएल/एनएसडीएल (डिपॉजिटरीज) के पास पंजीकृत नहीं है। वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट http://www.hpthreads.com/annual-reports.php, स्टॉक एक्सचेंज अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित रहने वाले सदस्यों की गिनती अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के उद्देश्य से की जाएगी।

**ई-वोटिंग :** कंपनी एजीएम से पहले दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा और एजीएम में ई-वोटिंग सुविधा इसके सदस्यों को इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा एजीम में निष्पादित किए जाने प्रस्तावित सभी प्रस्तावों पर मतदान करने के लिए उनके अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रदान कर रही है और यह सुविधा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा प्रदान की जा रही है। दूरस्थ ई-वोटिंग और ई-वोटिंग सुविधा के लिए विस्तृत प्रक्रिया एजीएम सूचना में प्रदान की जाएगी। एजीएम में ई-वोटिंग के लिए सुविधा उन सदस्यों को उपलब्ध करवाई जाएगी जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होंगे और दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना मतदान नहीं कर चुके हैं। जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर दिया है, वीसी/ओएवीएमएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित / भाग भी ले सकते हैं, परन्तु एजीएम में मतदान करने के लिए पात्र नहीं होंगे। जो सदस्य भौतिक रूप में शेयर धारण कर रहे हैं अथवा जिन्होंने कंपनी/सीडीएसएल/एनएसडीएल (डिपॉजिटरीज) के पास अपना ईमेल पते पंजीकृत नहीं करवाये हैं अथवा कोई भी व्यक्ति जो कंपनी के शेयर अर्जन करता है और सूचना के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है, को कम्पनी द्वारा इलैक्ट्रोनिकली भेज दी गई है और कट ऑफ तिथि अर्थात 19 सितम्बर 2025 के अनुसार शेयरधारण करते हैं, तो वे ई-मेल आईडी cs@hpthreads.com कम्पनी को लिखकर अथवा सीडीएसएल को ई-मेल आईडी helpdesk.evoting@cdslindia.com पर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं। यद्यपि, यदि कोई सदस्य ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल के पास पहले से पंजीकृत है, तो मतदान करने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।

जिन सदस्यों के ईमेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत नहीं हैं, वे कंपनी से वार्षिक रिपोर्ट, सूचनाएं आदि सहित सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए अपने ईमेल आईडी पंजीकृत या अपडेट करने हेतु नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं।

ए) भौतिक रूप से शेयरधारण करने वाले सदस्य और जिन्होंने कंपनी के पास अपना ईमेल पता पंजीकृत/अपडेट नहीं किया है, उनसे आग्रह है कि वे अपना नाम, ईमेल-आईडी, फोलियो नंबर, धारित शेयरों की संख्या, प्रमाणपत्र संख्या, विशिष्ट संख्या और पूरा पता, पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति के साथ हस्ताक्षरित आग्रह पत्र कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड को rta@alankit.com पर भेजकर इसे पंजीकृत/अपडेट करें।

बी) डिमैटरियलाइज्ड मोड में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से आग्रह है कि वे संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट करें।

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुन:प्रस्तुतीकरण के लिए स्पेशल विंडो**

सेबी सरकुलर नं. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई 2025 के अनुसार, एतद द्वारा सभी शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि ट्रांसफर डीड्स के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु एक स्पेशल विंडो नीचे वर्णितानुसार खोली गई है :-

| | | |
|---|---|---|
| पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु अवधि | 07 जुलाई 2025 से \| 06 जनवरी 2026 तक | |
| हस्तांतरण आग्रहों को कौन पुनः दायर कर सकता है? | शेयरधारक जिनके ट्रांसफर डीड्स 01 अप्रैल 2019 की समय-सीमा से पहले दायर किए गए थे और दस्तावेजों / प्रक्रिया / अथवा अन्यथा में कमी की वजह से निरस्त कर दिए गए / वापस लौटा दिए गए / ध्यान नहीं दिया गया। | |
| हस्तांतरण आग्रहों के पुनःप्रस्तुतीकरण हेतु प्रक्रिया | शेयरधारकों को सही किए गए अथवा नहीं दी गई जानकारी सहित मूल हस्तांतरण दस्तावेज कम्पनी के आरटीए, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड के पास जमा करवाने अपेक्षित है। | |
| | डाक पता | अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 |
| | हैल्पलाइन नं. | +91 11 42541234 |
| | किन्हीं प्रश्नों हेतु | rta@alankit.com पर एक ई-मेल भेजें। |

शेयर जिनको हस्तांतरण के लिए पुनः प्रस्तुत किया जाता है, को केवल डिमैटीरियलाइज्ड रूप में जारी किया जाएगा।

कृते एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
शुभम जैन
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21 अगस्त 2025

# पूर्व सैनिक से ठगी और ब्लैकमेलिंग पर फूटा गुस्सा, भूना थाने का किया घेराव

■ पुलिस को दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी ■ आरोपियों की गिरफ्तारी और झूठे मुकदमे रद्द करने की मांग

**51 सदस्यीय कमेटी हर प्रशासनिक मसले में पैरवी करेगी**

***हनीट्रैप मामले के बाद हुआ गठन***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



भूना। थाने का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करते लोग। फोटो : हरिभूमि

**अनाज मंडी में पूर्व सैनिक सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने महापंचायत की**

भूना शहर में गुरुवार को उस समय माहौल गरमा गया जब हनी ट्रैप और ब्लैकमेलिंग के शिकार हुए एक रिटायर्ड सूबेदार के विरूद्ध एससी/एसटीएम एक्ट का मुकदमा दर्ज होने के बाद उनके समर्थन में बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर आए। घटना के विरोध में पूर्व सैनिक, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने अनाज मंडी में महापंचायत की और फिर भूना थाना का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और झूठे मुकदमे रद्द करने की मांग की। उधर रिटायर्ड सूबेदार के साथ हुई घटना के बाद शहर में 51 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े प्रभावशाली और सक्रिय लोगों को शामिल किया गया है।

## यह है मामला

पूरा मामला रिटायर्ड सूबेदार रणधीर सिंह उर्फ धीर के साथ हुई ब्लैकमेलिंग से जुड़ा है। आरोप है कि भीम आर्मी से जुड़े कुछ लोगों ने मकान किराए पर लेने के बहाने एक महिला के साथ मिलकर उन्हें हनी ट्रैप में फंसा दिया। बाद में छेड़छाड़ और एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देकर 11 लाख रुपये की मांग की गई। मानसिक दबाव में आकर सूबेदार ने 5.35 लाख रुपए आरोपियों को दे भी दिए। पीड़ित ने इस पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी थी, लेकिन शुरुआत में मामला दर्ज नहीं किया गया। सूचना फैलते ही रिटायर्ड सैनिक के गांव डूल्ट व भूना शहर से हजारों लोग एकत्रित हो गए और अनाज मंडी में महापंचायत की गई।

महापंचायत की अध्यक्षता व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान अजय कुमार मेहता व सरपंच प्रतिनिधि सुखविंदर सिंह ढिल्लों ने की, जबकि संचालन बजरंग दल के जिला संयोजक सुशील कुमार बागड़ी ने किया।

### हर पहलू से केस की जांच हो रही

थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है और साक्ष्य जुटाने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### महापंचायत में लोगों ने आरोप लगाया

महापंचायत के बाद सभी प्रदर्शनकारी भूना थाना पहुंचे और थाना परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक प्रदर्शन चला। इस दौरान थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला की शिकायत झूठी पाई गई तो एससी/एसटी एक्ट की धाराएं भी हटाई जाएंगी। महापंचायत में लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग एससी/एसटी एक्ट का दुरुपयोग कर ब्लैकमेलिंग का गिरोह चला रहे हैं।

# पानीपतः मलेरिया इंस्पेक्टर को हनी ट्रैप में फंसाकर वसूली के दो आरोपी पकड़े

■ आरोपी पांच दिन के रिमांड पर, फरार महिला साथियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत सीआईए टू पुलिस टीम ने मलेरिया इंस्पेक्टर को हनी ट्रैप में फंसाकर फ्लैट पर बुला रेप केस का डर दिखा जबरन वसूली करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नौल्था गांव निवासी आशीष व सोनू के रूप में हुई है। डीएसपी यातायात सुरेश कुमार सैनी ने आज पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में 7 जुलाई 2025 को इसराना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह करीब 10 दिन पहले गोहाना रोड पर किसी काम से गया था। गोहाना मोड़ पर उसे जानकार नौल्था निवासी नरेंद्र पंडित खड़ा मिला। नरेंद्र के साथ दो महिला भी थी। नरेंद्र ने उसे अपने पास बुलाया जहां महिलाओं ने नरेंद्र से पूछा कि ये कोन है। नरेंद्र ने बताया यह सरकारी अस्पताल में डॉक्टर है।

फिर दोनों महिलाओं में से एक ने खुद को वकील बताया और दूसरी ने उसकी सहेली बताते हुए अपना परिचय दिया और उसका मोबाइल नंबर ले लिया। अगले दिन महिला वकील ने उसे फोन किया और इलाज के लिए कुछ बातचीत की। इसके बाद उसकी सहेली के भी फोन आने लगे। और इलाज के लिए उसके पास अस्पताल में भी आई। 6 जुलाई को महिला वकील की सहेली ने फोन कर उसे अपने फ्लैट पर बुलाया। वह सायं करीब 5 बजे अपनी गाड़ी में सोसायटी के गेट पर पहुंचा। महिला वकील की सहेली गेट पर आई और उसे अपने फ्लैट पर ले गई। फ्लैट बिल्डिंग की पांचवीं मंजिल पर था। फ्लैट में ले जाकर उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई। महिला वकील की सहेली उसे बैडरूम में ले गई और कपड़े उतरवाकर संबंध बनाने के लिए कहा। इसी दौरान दो युवक कमरे के अंदर आ गए और उसका मोबाइल छीनकर हाथापाई करने लगे। दोनों ने धमकी दी की उसे बलात्कार के केस में अंदर करवाएंगे। महिला वकील की सहेली व दोनों युवकों ने 11 लाख की डिमांड की। तीनों ने महिला वकील से फोन पर बात करवाई। कुछ देर बाद वकील भी वहां आ गई। सभी ने मिलकर उसको 4 लाख मंगवाने के लिए कहा। उसने जवाब दिया कि फिलहाल उसके पास पैसे नहीं हैं कल शाम तक पैसों का इंतजाम होगा। 7 जुलाई को महिला वकील ने झूठे रेप केस दर्ज करवाने का डर दिखाया और 4 लाख की डिमांड की।

### पुलिस ने किया खुलासा



पानीपत। डीएसपी सुरेश सैनी व पीछे खड़े पकड़े गए दो आरोपी।

डीएसपीसुरेश सैनी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह जांच व आरोपियों की धरपकड़ की जिम्मेदारी सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार व उनकी टीम को सौंपी थी। सीआईए टू पुलिस टीम ने बुधवार शाम को आरोपी सोनू को अनाज मंडी से व आरोपी आशीष को सनौली रोड से काबू किया। दोनों नौल्था गांव के रहने वाले हैं। आरोपियों ने मामले में नामजद दोनों महिला साथी आरोपियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी सोनू ने बताया उसने पानीपत की एक सोसायटी में किराए पर फ्लैट लिया हुआ है। दोनों से पूछताछ में खुलासा उन दोनों ने व फरार उनकी दोनों महिला साथी आरोपियों ने मिलकर साजिश रची थी की लोगों को प्रेम जाल में फंसाकर फ्लैट पर बुला उनकी गुप्त तरीके से अश्लील वीडियों बनाकर पैसों के लिए ब्लैकमेल करेंगे। पुलिस ने आज दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहा से उन्हें 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वहीं डीएसपी सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि आरोपी सोनू के खिलाफ हत्या, लूट, स्नेचिंग व आर्म्स एक्ट की वारदातों के 15 मामलें दर्ज हैं।

## खबर संक्षेप

### जींदः युवती की फेसबुक आईडी बनाने पर केस

**जींद।** युवती के नाम के साथ अभद्र शब्द का प्रयोग कर फेसबुक आईडी बना फोटो तथा वीडियो शेयर करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति पर मामला दर्ज किया है। सदर थाना नरवाना इलाके की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि किसी व्यक्ति ने उसके नाम के आगे अभद्र शब्द का प्रयोग कर फेसबुक आईडी बनाई हुई है। जिसके माध्यम से आरोपित ने उसके फोटो को सोशल मीडिया पर शेयर किया। पता चलने पर वह मानसिक रूप से परेशान हो गई। पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो वह एक मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड होनी पाई गई। जो कि जम्मू निवासी कृष्ण के नाम पर दर्ज है।

### ठोस कचरा प्रबंधन पर सरकार सख्तः नरबीर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी इस दिशा में प्रभावी कदम उठाते हुए जनता को प्लास्टिक मुक्त हरियाणा बनाने में सहयोग हेतु प्रेरित करें। राव नरबीर सिंह सिविल सचिवालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

### राजधानी और हाई कोर्ट के लिए चंडीगढ़ में वार्ता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लिए अलग से राजधानी और अलग हाई कोर्ट की मांग कर रही संघर्ष समिति के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता बुलाकर साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में सांसदों से मिलकर अपनी मांग रखेंगे। जिसके बाद में एक नवंबर हरियाणा दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। प्रेस क्लब चंडीगढ़ में हरियाणा की नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के मुद्दे पर हरियाणा बनाओ अभियान चला रहे पूर्व मुख्य सचिव एससी चौधरी, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पूर्व ओएसडी एमएस चोपड़ा, श्रीमती बिमला चौधरी, महावीर गुड्डू ने नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के महत्व को लेकर बात रखी। पद्म श्री पुरस्कार पाने वाले महावीर गुड्डू, राधेश्याम शर्मा पूर्व उपकुलपति, रणधीर बधरान एडवोकेट और ईश्वर दूहन सेवानिवृत्त आईजी, रणधीर सरोहा ने भी अपनी बात रखी।

# फर्जी पंजीकरण करवाकर बेचा धान

**यमुनानगर।** मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर राइस मिल संचालकों द्वारा फर्जी पंजीकरण करवाकर अन्य राज्यों से सस्ते दामों पर धान खरीदकर प्रतापनगर मंडी में बेच दिया। मामला वर्ष 2022 का है। अंबाला की मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने जब जांच की तो सच्चाई सामने आई। टीम में शामिल उपनिरीक्षक प्रवींद्र कुमार की शिकायत पर पुलिस ने सरस्वती राइस मिल के मालिक विश्वास गर्ग व मुकेश कुमार, अंकुश बंसल व संजू पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उप निरीक्षक प्रवींदर कुमार ने बताया कि शिकायत मिली थी कि मेरी फसल मेरा ब्योरा पर कई लोगों ने फर्जी पंजीकरण कराए हैं। जिनके पास न तो स्वयं की जमीन है और न उनके द्वारा कोई जमीन पट्टे पर लेकर खेती की गई। इसके बाद भी उनके नाम पर क्विंटलों धान पोर्टल पर दर्शाई गई।

### सरकार को राजस्व की हानि पंहुचाई

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि यह धान अन्य राज्यों की घटिया क्वालिटी की कम दाम में लेकर मंडियों बेचा गया। इसके बाद उसे मिलिंग के लिए राइस मिलरों को भेजा गया। ऐसा कर सरकार को राजस्व की हानि पंहुचाई गई। इस शिकायत पर सीएम फ्लाइंग टीम ने जांच की। जांच में सामने आया कि गांव ईशरहेड़ी निवासी संजू ने धान खरीद सीजन-2022 में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पंजीकरण कराया।

यह पंजीकरण संजू ने करनाल के गांव बीड बडालवा व भूड़पुर, निगद के असल भूमि मालिकों व किसानों की सहमति के बिना किया। उनकी भूमि से संबंधित राजस्व विभाग के डाटा को पंजीकरण में फर्जी तरीके से दर्शाया। साथ ही अन्य राज्यों से धान सस्ते दाम पर खरीद कर उसे प्रतापनगर मंडी में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचा गया। जांच में संजू के साथ विश्वास गर्ग व मुकेश कुमार का भी उक्त अपराध में शामिल होना पाया गया। साथ ही संजू द्वारा अंकुश बंसल के बैंक खाते में अक्तूबर नवंबर 2022 में राशि ट्रांसफर होनी पाई गई।

### मामले में की जा रही है जांच

मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी एएसआई नर सिंह ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# अंबाला छावनी से चंडीगढ़ के बीच नई यात्री रेलगाड़ी चलाने के लिए व्यवहार्यता जांच कराई जाएगीः विज

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी से चण्डीगढ़ के बीच एक नई यात्री रेलगाड़ी चलाने के लिए व्यवहार्यता जांच कराई जाएगी। विज ने बताया कि गत माह उन्होंने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर अंबाला छावनी से चण्डीगढ़ के बीच एक पैसेंजर रेलगाड़ी चलाने का आग्रह किया था। इस पर केन्द्रीय रेल मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए सूचित किया है कि जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए अंबाला छावनी-चण्डीगढ़ मार्ग पर नई यात्री गाड़ी के संचालन हेतु ऑपरेशनल फिजिबिलिटी जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अंबाला छावनी से चण्डीगढ़ मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में कर्मचारी वर्ग, विद्यार्थी, व्यापारी एवं श्रमिक आना-जाना करते हैं। वर्तमान में बस सेवाओं और निजी वाहनों पर निर्भरता अधिक है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ जाते हैं।



# 40 लाख की हेरोइन के साथ दबोचा

**भट्टूकलां।** भट्टूकलां पुलिस ने 104.75 ग्राम हेरोइन सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 40 लाख आंकी गई है। पुलिस ने एक स्कार्पियो को भी जब्त किया है। युवक की पहचान भाल सिंह उर्फ भाला गुज्जर पुत्र हरि सिंह निवासी भट्टूकलां के रूप में हुई है। भट्टू थाना प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक रामकुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी।

गुप्त सूचना मिली कि भाल सिंह उर्फ भाला गुज्जर निवासी भट्टूकलां स्कॉर्पियो में हेरोइन लेकर क्षेत्र में आ रहा है। पुलिस टीम ने ठुईयां कैंची चौक, भट्टू कलां के पास नाकाबंदी की। कुछ ही देर में सफेद स्कॉर्पियो आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर चालक ने वाहन मोडक़र भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने बैरिकेडिंग कर गाड़ी को रोक लिया और आरोपी को दबोच लिया। आरोपी ने अपना नाम भाल सिंह उर्फ भाला गुज्जर बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 104.75 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### आरोपी पर कई केस दर्ज



जांच में सामने आया है कि आरोपी पहले भी नशा व अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 6 आपराधिक मामले दर्ज हैं। भट्टूकलां पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की गहन जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि यह हेरोइन कहां से लाई गई और किन लोगों तक पहुंचाई जानी थी।

# कुंडली क्षेत्र के कई गांवों में संदिग्ध ड्रोन से दहशत, पुलिस और खुफिया विभाग अलर्ट

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव भैराबांकीपुर, अटेरना और खुर्मपुर, मनौली में पिछले चार-पांच दिनों से संदिग्ध ड्रोन उड़ने की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जैसे ही अंधेरा होता है, आसमान में ड्रोन जैसी मशीन उड़ती दिखाई देती है, जो कुछ देर गायब हो जाती है। सूचना मिलते ही कुंडली थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और गुप्तचर विभाग की टीमों के साथ जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार चार से पांच दिन से ग्रामीणों द्वारा ड्रोन जैसी गतिविधियों की शिकायतें आ रही हैं।

### सतर्क रहें ग्रामीणः पुलिस

फिलहाल इन ड्रोन के उड़ने का कारण और इनके पीछे किसका हाथ है, इसकी जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि ड्रोन का इस्तेमाल जासूसी, चोरी की रेकी या किसी अन्य अवैध गतिविधि के लिए किया जा सकता है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ड्रोन की आवाज सुनकर बच्चे और महिलाएं घरों से बाहर निकलने से डरने लगे हैं। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना थाना पुलिस को दें। वहीं खुफिया एजेंसियां भी तकनीकी साधनों के जरिए ड्रोन की लोकेशन और स्रोत का पता लगाने में जुटी हुई हैं। संदिग्ध ड्रोन उड़ने की लगातार घटनाओं ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीण अब प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

# नारनौल में बीएएमएस की सीटें दोगुनी से ज़्यादा हुईः आरती राव

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में, महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल पटिकरा गांव स्थित बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल ने आयुर्वेदिक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष, बैचलर ऑफ़ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (BAMS) पाठ्यक्रम के लिए सीटों की संख्या पिछले वर्ष के 30 से बढ़कर 63 हो गई है। राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (NCISM) द्वारा इस संबंध में अनुमोदन मिलने के बाद यह उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

### आयुर्वेद को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रयास



स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य आयुर्वेद को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर एक मजबूत चिकित्सा पद्धति के रूप में स्थापित करना है। बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में सीटों की संख्या में वृद्धि इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सीआईएसएम ने चिकित्सा शिक्षा मानक 2024 के अंतर्गत आयुर्वेदिक कॉलेजों के लिए कड़े मानक लागू किए हैं, जो कॉलेज की स्थापना के समय लागू न्यूनतम मानक आवश्यकताओं (एमएसआर) 2016 से कहीं अधिक कठोर हैं।

# बंधुआ मजदूरी के दलदल से निकला 15 वर्षीय बालक हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने प्रकाशित चिंताजनक रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेते हुए जींद और नूंह जिलों से जुड़े 15 वर्षीय नाबालिग के बंधुआ मजदूरी एवं अमानवीय शोषण के मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। रिपोर्ट के अनुसार, यह बालक बिहार के किशनगंज जिले का निवासी है, जिसे जिला जींद में उसके नियोक्ता द्वारा रोजगार का झूठा प्रलोभन देकर बंधुआ मजदूरी के लिए फंसाया गया। यह बच्चा, बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर साथियों से बिछड़ने के बाद, एक अज्ञात व्यक्ति के संपर्क में आया जिसने उसे भैंस डेयरी में ₹10,000 मासिक वेतन पर काम का लालच दिया। नाबालिग को दो महीने तक जबरन मजदूरी और शारीरिक उत्पीड़न सहनी पड़ी। स्थिति तब और खराब हो गई जब चारा काटते समय गंभीर चोट लग गई, जिसके बाद नियोक्ता ने उसे सुनसान जगह पर छोड़ दिया। किसी तरह, घायल बच्चा नूंह पहुंचा, जहां शिक्षक ने उसकी मदद की और उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गया।

### जींद और नूंह जिलों के अधिकारियों को कड़े निर्देश

### आयोग के निर्देश

सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी डॉ. पुनीत अरोड़ा ने जानकारी दी कि पूर्ण आयोग के निर्देशों में मुख्य बिंदु सम्मिलत हैः

1. आरोपियों की पहचान, गिरफ्तारी और डेयरी प्रतिष्ठान में बंधुआ मजदूरी प्रथाओं की जांच।
2. घायल बालक की संपूर्ण चिकित्सीय रिपोर्ट और पुनर्वास योजना।
3. श्रम कानूनों के उल्लंघन की विस्तृत जांच।

इस मामले में अगली सुनवाई 4 नवंबर 2025 को होगी।

## हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच ने की बैठक की अध्यक्षता

# सरस्वती नदी में बारह माह जल प्रवाह रहने से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

आदिबद्री में प्रस्तावित डैम निर्माण को लेकर हिमाचल के अधिकारियों व हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के अधिकारियों की हुई बैठक

■ डैम निर्माण से जुड़े विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं पर गहन चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। आदिबद्री में आयोजित हिमाचल व सरस्वती विकास बोर्ड के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते धुम्मन सिंह किरमच।

आदिबद्री में प्रस्तावित डैम निर्माण को लेकर हिमाचल प्रदेश सरकार के अधिकारियों और हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के अधिकारियों की आदिबद्री स्थित गरुड़ टूरिस्ट कांप्लेक्स में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच ने की। बैठक में डैम निर्माण से जुड़े विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य डैम निर्माण की प्रक्रिया को तेज गति से आगे बढ़ाना है। ताकि आने वाले समय में सरस्वती नदी के पुनर्जीवन का सपना साकार हो सके। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में इस प्रकार के डैमों के निर्माण में 25 से 30 वर्ष का समय लग जाता है। मगर मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल के नेतृत्व में यह डैम निर्माण कार्य की प्रक्रिया केवल पांच वर्षों में ही टेंडर स्तर तक पहुंच चुकी है। जो अपने आप में एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। धुम्मन सिंह किरमच ने कहा कि अभी वर्तमान में सरस्वती नदी में वर्ष के चार महीनों में लगभग 400 किलोमीटर क्षेत्र में जल का प्रवाह रहता है।

भविष्य में 12 महीने सरस्वती नदी में अविरल जल प्रवाह का प्रोजेक्ट पूरा करने में हम कामयाब होंगे। डैम निर्माण के बाद क्षेत्रीय जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा। भूजल स्तर में सुधार आएगा। इसके साथ ही सरस्वती नदी में बारह महीने जल प्रवाह रहने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। आदिबद्री, कपाल मोचन, और अन्य धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी। जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे।

### बैठक में यह रहे मौजूद

बैठक में अरविंद कौशिक एसई एसएचसी कुरुक्षेत्र, भवानी भूषण राय डीसीएफ नाहन, सचिन शर्मा जेई पीडबलयूडी (बीएंडआर) नाहन डिविजन, निर्मल किशोर प्रबंधक हिमाचल प्रदेश पावर प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, केएस ठाकुर पूर्व जीएम रेणुका धाम प्रोजेक्ट, डॉ.नीरज सिंघल सीनियर मैनेजर रेणुका धाम प्रोजेक्ट एचपीपीसीएल व सुरिंदर कुमार एक्सईएन सरस्वती हेरिटेज डिवीजन नंबर एक जगाधरी आदि मौजूद रहे।

### 2015 में हरियाणा सरस्वती बोर्ड का गठन हुआ था

धुम्मन ने बताया कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड एचएसएचडीबी का गठन हरियाणा सरकार द्वारा 12 अक्तूबर 2015 को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में किया गया था। हरियाणा सरस्वती बोर्ड का गठन जिन उद्देश्यों के लिए किया गया था। उनमें सरस्वती नदी का पुनरुद्धार और सरस्वती से जुड़ी विरासत का समग्र व्यापक विकास शामिल है। जिसमें सरस्वती के पैलियोचैनल में पानी के प्रवाह को जारी रखने के लिए बांध, जलाशय और बैराज का निर्माण, मंदिरों का जीर्णोद्धार, आने वाले तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों को नागरिक सुविधाएं प्रदान करना और तीर्थों का रख रखाव शामिल है। गठन के बाद बोर्ड द्वारा सरस्वती नदी के तट पर स्थित कई तीर्थ स्थलों का विकास किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सरस्वती नदी के पुनर्जीवन और इस ऐतिहासिक परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद, 1.5 लाख जुर्माना

फास्ट ट्रैक कोर्ट का फैसला, पीड़िता को मिलेगा एक लाख मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी शुभम को दोषी करार देते हुए पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत कठोर सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित गर्ग ने सुनाए फैसले में आरोपी को 20 वर्ष के कारावास और 1.5 लाख जुर्माने से दंडित किया। साथ ही अदालत ने पीड़िता को एक लाख मुआवजा देने तथा 50 हजार की राशि सरकारी कोष में जमा करवाने के आदेश दिए। कोर्ट द्वारा धारा 6, पोक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष सजा व 50 हजार जुर्माना, धारा 363 के तहत 7 वर्ष का कारावास व 50 हजार जुर्माना तथा धारा 366 के तहत 10 वर्ष कारावास व 50 हजार जुर्माना सुनाया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी, आरोपी को 20 वर्ष की सजा भुगतनी होगी।

### यह है पूरा मामला

यह मामला 23 जून 2021 की रात का है जब एक नाबालिग लडक़ी अपने घर से बिना बताए लापता हो गई थी। 25 जून को परिजनों ने थाना भूना में शिकायत दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पीड़िता को बरामद कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अपने बयान में पीड़िता ने बताया कि शुभम, जो उसका दूर का रिश्तेदार है, उसे बहला-फुसलाकर अमृतसर ले गया। रास्ते में उसके मित्र सुखविंद्र से मुलाकात हुई और दोनों ने एक होटल में पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म किया। इससे पहले सह-आरोपी सुखविंद्र सिंह को इसी मामले में 20 मार्च 2023 को 20 वर्ष का कारावास और 64 हजार जुर्माने की सजा सुनाई जा चुकी है। उस केस में भी ओम प्रकाश बिश्नोई ने ही पैरवी की थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि यह फैसला पुलिस की प्रभावी जांच, मजबूत साक्ष्य और अभियोजन पक्ष की सशक्त पैरवी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित और कठोर सजा समाज में बेटियों की सुरक्षा को लेकर विश्वास पैदा करती है।

## सेबी के चेयरमैन पांडेय ने किया खुलासा

# आईपीओ लाने वाली कंपनियों के लिए मंच वायदा कारोबार की अवधि बढ़ाने की योजना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- कंपनियां सूचीबद्ध होने से पहले कारोबार का खुलासा कर पाएगी
- मंच सूचीबद्ध होने के बीच कारोबार की अनुमति दे सकता है
- पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि बाजार नियामक एक विनियमित मंच पेश कर सकता है, जहां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने वाली कंपनियां सूचीबद्ध होने से पहले कुछ खुलासे करने के बाद कारोबार कर सकेंगी।

यह नया मंच निवेशकों को आईपीओ आवंटन एवं सूचीबद्ध होने के बीच तीन दिन की अवधि में विनियमित तरीके से शेयर का व्यापार करने की अनुमति दे सकता है। यह पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है, जो वर्तमान में इस अवधि के दौरान संचालित होता है।

### परिपक्वता में सुधार लाने पर विचार

पांडेय ने साथ ही कहा कि नियामक शेयर वायदा कारोबार की अवधि एवं परिपक्वता में सुधार लाने पर विचार कर रहा है। इससे ऐसे उत्पादों में व्यापार पर अंकुश लगेगा, जहां वित्त वर्ष 2024-25 में 91 प्रतिशत व्यक्तिगत व्यापारियों को घाटा हुआ था। पांडेय ने 'फिक्की कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस' 2025 में कहा कि निवेशकों के लिए निवेश संबंधी निर्णय लेने को सूचीबद्ध होने से पहले की जानकारी अक्सर पर्याप्त नहीं होती है।

### आईपीओ बाजार काफी सक्रिय है

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारतीय आईपीओ बाजार 2025 तक 48 मुख्य कंपनियों की सूचीबद्धता के साथ काफी सक्रिय हो गया है। उल्लेखनीय है कि अगस्त माह में 11 कंपनियों ने अपनी आरंभिक शेयर बिक्री शुरू की। अगले सप्ताह कुछ और कंपनियां भी आईपीओ लाने वाली हैं।

### मिलेगा प्री-आईपीओ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म

'प्री-आईपीओ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म' पर डिपॉजिटरी के साथ कोई चर्चा होने के सवाल पर उन्होंने कहा, " मैं जो भी कह रहा हूं, वह केवल सैद्धांतिक है।" यह नया मंच निवेशकों को आईपीओ आवंटन एवं सूचीबद्ध होने के बीच तीन दिन की अवधि में विनियमित तरीके से शेयर का व्यापार करने की अनुमति दे सकता है। यह पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है, जो वर्तमान में इस अवधि के दौरान संचालित होता है।



### ग्रे मार्केट खत्म हो जाएगा

पांडेय ने एक पहल का संकेत देते हुए कहा, " एक विनियमित मंच प्रायोगिक आधार पर ... जहां आईपीओ लाने की तैयारी कर रही कंपनियां कुछ खुलासों के बाद व्यापार करने का विकल्प चुन सकती हैं।" यदि इस पहल को क्रियान्वित किया जाता है तो इससे अनियमित मंचों जिन्हें अक्सर 'ग्रे मार्केट' कहा जाता है, उन पर असूचीबद्ध शेयर के व्यापार पर अंकुश लग सकेगा।

**निवेशकों के लिए काफी जोखिम है** : वर्तमान में, आईपीओ के बोली लगना बंद होने और बाजारों में इसके खुलने में कम से कम तीन कारोबारी दिनों का अंतराल होता है और इस अवधि के दौरान 'ग्रे मार्केट' में व्यापार होता है।

### नकदी शेयर बाजार को मिल रही अहमियत

शेयर वायदा कारोबार के संबंध में सेबी नकदी शेयर बाजारों को गहरा करने के तरीकों की तलाश कर रहा है। साथ ही लंबी अवधि के उत्पादों के माध्यम से वायदा-विकल्प की गुणवत्ता को भी बढ़ा रहा है। पांडेय ने कहा, " हम वायदा-विकल्प उत्पादों के परिपक्वता खाके और सुधार के तरीकों पर हितधारकों के साथ परामर्श करेंगे, ताकि वे 'हेजिंग' (जोखिम प्रबंधन रणनीति) और दीर्घकालिक निवेश के लिए बेहतर सेवा प्रदान कर सकें।"

### तीन साल में दैनिक कारोबार दोगुना हुआ

पांडेय ने कहा कि नकदी बाजार में कारोबार तेजी से बढ़ा है और तीन साल की अवधि में दैनिक कारोबार दोगुना हो गया है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि शेयर वायदा कारोबार पूंजी निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन नियामक को गुणवत्ता एवं संतुलन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

# भ्रामक विज्ञापन के लिए रैपिडो पर लगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए ऑनलाइन वाहन सेवा मंच रैपिडो पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण सीसीपीए ने रैपिडो को उन ग्राहकों को पैसे देने का निर्देश भी दिया है जिन्होंने कंपनी के " पांच मिनट में ऑटो या फिर पाएं 50 रुपये " ऑफर का इस्तेमाल किया था, लेकिन उन्हें यह राशि मिली नहीं। नियामक ने रैपिडो के विज्ञापनों की जांच के बाद यह कार्रवाई की जिसमें " पांच मिनट में ऑटो या 50 रुपये पाएं" और "गारंटीड ऑटो" का वादा किया गया था। उसने पाया कि ये विज्ञापन झूठे एवं उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता 'हेल्पलाइन' के आंकड़ों से पता चला है कि जून 2024 और जुलाई 2025 के बीच रैपिडो के खिलाफ शिकायतों की संख्या बढ़कर 1,224 हो गई, जबकि उससे पिछले 14 महीने की अवधि में यह संख्या 575 थी। सीसीपीए की जांच से पता चला कि रैपिडो के विज्ञापनों में 'डिस्क्लेमर' बेहद छोटे या ऐसी शैली में प्रदर्शित किए गए थे कि उन्हें पढ़ पाना बेहद मुश्किल था। 50 रुपये के लाभ का वादा वास्तविक मुद्रा नहीं, बल्कि "50 रुपये तक" मूल्य के "रैपिडो सिक्के" थे जिनका उपयोग केवल मोटरसाइकिल की सवारी के लिए किया जा सकता था। साथ ही इनकी समय सीमा सात दिन के भीतर समाप्त हो जाती थी।

### बैंकिंग व वित्तीय सेवा में 2030 तक 2.5 लाख नौकरियां होंगी सृजित

**मुंबई।** भारत का बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा (बीएफएसआई) क्षेत्र मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। 2025-26 में नियुक्तियों में 8.7 प्रतिशत और 2030 तक 10 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमान है, जिससे करीब 2.5 लाख स्थायी नौकरियां उत्पन्न होंगी। बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में यह वृद्धि छोटे व मझोले श्रेणी के शहरों में बढ़ती मांग के दम पर हो रही है, जो महानगर केंद्रित भर्ती से स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है। कार्यबल समाधान प्रदाता एडेको इंडिया ने रिपोर्ट में कहा, " बीएफएसआई क्षेत्र में प्रतिभाशाली लोगों की बढ़ती मांग के दम पर देश के छोटे व मझोले शहर शक्तिशाली इंजन के रूप में उभर रहे हैं, जहां लगभग 48 प्रतिशत नई नौकरियां सृजित हो रही हैं।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) AL1916_ASHOK_LEYLAND (VIKRAMSINGH) UN-REG. NO. YOM-2024

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 28.08.2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOUD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS: FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT: MR. GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. +91-9671300231 EMAIL -Goverdhan.Joshi@kotak.com

### रुपया 18 पैसे टूटकर 87.25 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार से रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर 18 पैसे की गिरावट के साथ 87.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रूस व यूक्रेन के बीच युद्धविराम की उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ने से रुपया सकारात्मक रुख के साथ खुला। हालांकि, विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया जिससे बाद में स्थानीय मुद्रा में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.04 पर मजबूती के साथ खुला।

**NOTICE**

I, Tarun s/o Rajesh r/o H.N. 202/12, Main Street, Dayanand Nagar, Bahadurgarh, District Jhajhar, Haryana-124507 declare that Tarun Kumar S/o Rajesh Kumar Aggarwal & Tarun s/o Rajesh both names are of mine and of the same person. In future I should be known as Tarun S/o Rajesh for all purposes.

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Deepti**
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
**RAHUL SAROHA**
**Vs.**
**Central Board of Secondary Education**
CNR No. HRSO02-001385-2025
Next Date : 30.09.2025
CS-989-2025

Prayed for a decaree as mention in the plaint may kindly be passed in favour of the plaintiff against the defendant in the interest of justice.

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**2) General Public**
:-
**Sonipat Haryana**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **30.09.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Dated, this day of 21.08.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Ravi**
Additional Civil Judge (Senior Division),
**MOHIT S/O BALRAJ**
**Vs.**
**B.,D.P.O.**
CNR No. HRJR02-000056-2025
Next Date : 01.09.2025
SUCC/03/2025


**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
:-
**India**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **01.09.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Ravi, Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 06.08.2025

# शेयर बाजार में तेजी जारी सेंसेक्स 82,000 अंक पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 143 अंक चढ़कर 82,000 अंक के स्तर को पार कर गया।



आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में रौनक रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स सीमित दायरे में कारोबार के बाद 142.87 अंक चढ़कर 82,000.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 373.33 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 33.20 अंक यानी 0.13 प्रतिशत बढ़कर 25,083.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, इटर्नल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं। छह दिनों की तेजी में सेंसेक्स कुल 1,765 अंक यानी 2.14 प्रतिशत और निफ्टी 596 अंक यानी 2.4 प्रतिशत चढ़ चुका है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि प्रस्तावित जीएसटी सुधारों और हाल ही में एसएंडपी द्वारा भारत की क्रेडिट रेटिंग बढ़ाए जाने से निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर राज्यों के मंत्रियों के समूह ने केंद्र के पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्लैब संरचना अपनाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। जीएसटी परिषद अगले महीने इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला ले सकती है।

# सोना 600 और चांदी 1,500 रुपए चढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,00,620 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

500 रुपये बढ़कर 1,00,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले सत्र में यह 99,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। सोने की कीमत तीन सप्ताह के निचले



- सोना 600 रुपए बढ़कर 1,00,620 रुपये प्रति 10 ग्राम
- चांदी 1,14,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई

स्तर पर गिरने के बाद, सुरक्षित निवेश की मांग और सौदेबाजी की खरीदारी के चलते बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में तेज़ी आई।

*निवेशक बेरोजगारी व पीएमआई आंकड़ों का कर रहे इंतजार : अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,339.04 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी जिंस शोध, कायनात चैनवाला ने कहा, "सोना 3,340 डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर बना हुआ है क्योंकि निवेशक बेरोजगारी दावे, पीएमआई और मौजूदा घरों की बिक्री सहित प्रमुख अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं।"*

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

## वाणिज्यिक वाहन खंड में ढुलाई के लिए उतारा मॉडल

# टीवीएस ने इलेक्ट्रिक तिपहिया पोर्टफोलियों का किया विस्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टीवीएस मोटर कंपनी ने बृहस्पतिवार को ढुलाई खंड के लिए एक तिपहिया वाहन पेश करते हुए अपने इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों की श्रृंखला का विस्तार किया। कंपनी ने इस साल की शुरुआत में यात्री खंड के लिए किंग ईवी मैक्स को उतारने के साथ इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन खंड में कदम रखा था।

टीवीएस किंग कार्गो एचडी को एक बार चार्ज करने पर 156 किलोमीटर चलाया जा सकता है। इसकी शोरूम कीमत 3.85 लाख रुपये है। टीवीएस मोटर कंपनी के वाणिज्यिक कारोबार प्रमुख रजत गुप्ता ने कहा कि इस मॉडल को इस साल के अंत में सीएनजी ट्रिम में भी पेश किया जाएगा।



### कार्गो खंड में 10 हजार ईवी वाहन बिक रहे

गुप्ता ने कहा, "जहां तक मालवाहक खंड (कार्गो सेगमेंट) की बात है, हर महीने लगभग 10,000 इलेक्ट्रिक वाहन बिक रहे हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत डीजल और 25-25 प्रतिशत इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों की हिस्सेदारी है। उन्होंने बताया कि तिपहिया वाहन खंड में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है।

### 2030 तक 60 फीसदी हिस्सा ईवी वाहनों का

गुप्ता ने कहा, "हमें उम्मीद है कि 2030 तक बाज़ार का 60 प्रतिशत हिस्सा इलेक्ट्रिक वाहन का होगा। सभी ईंधन एक साथ मौजूद रहेंगे, लेकिन मुख्य रूप से 50-60 प्रतिशत बाज़ार इलेक्ट्रिक वाहन ही होगा। टीवीएस किंग कार्गो एचडी के बारे में, उन्होंने बताया कि कंपनी सबसे पहले दिल्ली-एनसीआर में प्रवेश कर रही है। उसके बाद बेंगलुरु, गुजरात और महाराष्ट्र में इसकी बिक्री शुरू की जाएगी।

### विदेशी बाजाज अब भी छोटा

यह पूछे जाने पर कि क्या इस उत्पाद का निर्यात भी किया जाएगा, गुप्ता ने कहा कि ढुलाई तिपहिया वाहनों का विदेशी बाजार अब भी छोटा ही है जो लगभग 4,000 इकाई प्रति वर्ष का है। उन्होंने कहा, "हालांकि यह बहुत छोटा है, लेकिन इसे अपनाया जाएगा। इसलिए हम पहले से ही कुछ देशों में प्रयास कर रहे हैं।"

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | टाउन पार्क, लाल बत्ती चौक, एम.सी. सिरसा में ईपीबीएम ट्रैक को बिछाना और टाउन पार्क का सौन्दर्यीकरण + 18 कार्य। | 20.08.2025 26.08.2025 | रु. 4,10,83,704/- | https://etenders.hry.nic.in | 9041413303 seoymcsirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37910/I/88/6 दि. 21.08.25

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNIT NO. 122120, DATED04.06.2025 (EPC-DNO. 129/PD&C) | शुद्धिपत्र-4 के खुलने की तिथि 19.08.2025 सहित ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार 02.09.2025 17:00 बजे तक है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | NIT NO. 30/CWD-2/ VOL- XIX/HVPN/2025-26, DATED 07.07.2025 (ONLINETENDERID NO. 2025_HBC_456781_1) | बोली खुलने की तिथि 21.08.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 03.09.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37900/I/88/6 दि. 21.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम, रोहतक में दिल्ली बाईपास, हिसार बाईपास, मेडिकल मोड और प्रतिमाओं सहित एमडीयू राउंडअबाउट का सौन्दर्यीकरण कार्य, लाइटिंग और लैंडस्कैपिंग। | 19.08.2025 29.08.2025 | रु. 99.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एक वर्ष के लिए नगर निगम, रोहतक हेतु 2 अदद टोयोटा इनोवा क्रिस्टा (डीजल/टोयोटा इनोवा हाईराइडर अथवा अन्य समकक्ष वाहन) को किराये पर लेना। | 19.08.2025 27.08.2025 | – | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम, रोहतक क्षेत्र से सभी प्रकार के मृत जानवरों को उठाने/निपटान के अनुबंध के आवंटन हेतु निविदा। | 20.08.2025 27.08.2025 | – | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/37907/I/88/6 दि. 21.08.25

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष:** मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क:** वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह:** आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या:** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक:** किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।


## शब्द पहेली - 5965




**बाएँ से दाएँ**
1.मन मोहने वाला-5
5.प्रस्थान करना,रवानगी-5
9.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10.तेल में पकाना-3
11.प्रेम,प्यार-2
13.थोड़ा,जरा-2
14.मैं का बहुवचन-2
15.उम्मीद करना-5
18.धन,संपदा-2
19.पक्षियों की चहचहाट-4
20.अभिप्राय-4
21.सद्,अच्छा-2
22.दम,ताकत-2
23.प्रकाशवान-4
26.ठसाठस-4
29.माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30.क्रोधित होना-2,3
33.विदेशी शराब-2
34.झुका हुआ-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.आखेट मंच-3
38.खुजली-3
41.मनमोहकता-5
42.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आकर्षक.चिताकर्षक-5
2.वैक्स,मधुज-2
3.अधिकार-2
4.फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5.जागरण-4
6.दीवार (अंग्रेजी-2)
7.मां के पिता-2
8.असफल-5
12.गर्भ,कोख-3
13.करामात-3
15.खातिरदारी -5
16.उद्देश्य-2
17.नामकरण-2,3
23.भूस्वामी-2,3
24.सही का विलोम-3
25.मृत्यु-2
27.इमामदस्ता-3
28.कांतिमान, चमकीला-5
31.उदारता,बड़प्पन-4
32.मालगोदाम-4
36.रत्न,नग-2
37.टी,चहा-2
39.याचिका,वाद (अंग्रजी-2)
40.वहम,संदेह-2

**शब्द पहेली -5964 का हल**





परिवारवाद और असुरक्षा की वजह से उन्हें बोलने नहीं दिया जाता

# राहुल कांग्रेस के युवा नेताओं से घबराते हैं : मोदी

## पीएम मोदी ने संसद नहीं चलने देने पर बोला हमला

हंगामे के बीच मानसून सत्र समाप्ति पर पर किया कटाक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र के दौरान कार्यवाही के सुचारू रूप से नहीं चलने पर बृहस्पतिवार को निराशा जताई और कहा कि कांग्रेस के प्रतिभाशाली और युवा सांसद अपने नेतृत्व की ''असुरक्षा'' के कारण चर्चा में भाग नहीं ले पाते हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कक्ष में विभिन्न दलों के नेताओं की पारंपरिक अनौपचारिक बैठक में यह टिप्पणी की। संसद के निचले सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद यह बैठक हुई। हालांकि, विपक्षी दलों के नेता इस बैठक से दूर रहे।

बिरला की चाय पार्टी में विपक्षी सांसदों ने भाग नहीं लिया



### बिना नाम लिए विपक्ष पर बोला हमला

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सदन (लोकसभा) में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम नहीं लिया, जो बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद के खिलाफ अपनी पार्टी (कांग्रेस) के विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं, हालांकि उनकी (मोदी की) टिप्पणी स्पष्ट रूप से उन पर लक्षित थी। मोदी ने 'ऑनलाइन गेमिंग के संवर्धन और विनियमन विधेयक' का उल्लेख किया, जो सभी 'रियल-मनी' खेलों पर प्रतिबंध लगाता है और जिसे लोकसभा एवं राज्यसभा ने शोर-शराबे के कारण बिना चर्चा के पारित कर दिया। उन्होंने इन ऑनलाइन खेलों से समाज पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के कारण विधेयक के व्यापक सकारात्मक निहितार्थों की भी सराहना की।

### कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा नहीं हो सकी

सूत्रों के अनुसार, उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक लाये गए और उन्हें इस बात का अफसोस है कि संसद में उन पर चर्चा नहीं हो सकी। बैठक में विपक्षी नेताओं के शामिल न होने पर, वहां उपस्थित किसी ने टिप्पणी की कि कांग्रेस को साथ लाना कठिन होता जा रहा है, क्योंकि उसके कुछ ही नेता, जिनसे सरकार नियमित रूप से बातचीत करती है, पार्टी के निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं।

### शायद नेतृत्व को असुरक्षित बना रहे

प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास कुछ प्रतिभाशाली युवा सांसद हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि वे शायद नेतृत्व को "असुरक्षित" बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पहले भी सार्वजनिक रूप से इसी तरह का विचार व्यक्त किया है, और नेहरू-गांधी परिवार की आलोचना करते हुए कहा है कि वे अपने हितों को सबसे ऊपर रखते हैं। बैठक से दूर रहने के विपक्षी दलों के फैसले के बारे में पूछे जाने पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने उन पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके (विपक्ष के) नेता सत्र के दौरान अपने आचरण से इतने शर्मिंदा हो गए होंगे कि वे इसमें शामिल नहीं हो पाए।

एससी-एसटी व चाय श्रमिकों को छूट

# असम में वयस्कों का आधार कार्ड बनाने पर लगी रोक

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर कई बार चिंता जता चुके हैं। अब उनकी कैबिनेट ने फैसला किया है कि राज्य में वयस्कों को आधार कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे। इस फैसले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और चाय बागान समुदायों के सदस्यों को राहत दी गई है, उन्हें एक और साल का समय दिया जाएगा। इस फैसले का ऐलान खुद सरमा ने किया। उन्होंने बताया कि यह फैसला राज्य में आधार कार्ड के सैचुरेशन को देखते हुए और अवैध प्रवासियों द्वारा इस दस्तावेज तक पहुंचने से रोकने के लिए एक सुरक्षा उपाय के रूप में लिया गया है। हिमंता ने बताया कि असम में आधार सैचुरेशन 103 फीसदी है, लेकिन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और चाय बागान समुदायों में यह 96 फीसदी है।

## खबर संक्षेप

### उत्तराखंड में बर्ड फ्लू 3200 मुर्गियों की मौत

**कुमाऊं।** उत्तराखंड के कुमाऊं में बर्ड फ्लू ने कहर बरपाया है। ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा और किच्छा क्षेत्र के पोल्ट्री फार्मों में अब तक करीब 3200 मुर्गियों की मौत हो चुकी है। किच्छा में 2222 मुर्गियों में फ्लू है। खटीमा में भी सैकड़ों मुर्गियों की मौत ने प्रशासन को अलर्ट मोड पर ला दिया है। पशुपालन वन विभाग हाई अलर्ट पर हैं।



### पंजाबी सिंगर औलख को जान से मारने की धमकी

पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें फोन कॉल में ये धमकी दी गई है, जो एक विदेशी नंबर से कॉल और वॉट्सएप मैसेज के जरिए दी गई है। औलख ने तुरंत इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। औलख फतेहाबाद के रहने वाले हैं।



### ईसी और जेडीएस ने चुनाव पर सुझाव साझा किए

**नई दिल्ली।** जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के एक प्रतिनिधिमंडल ने केआर शिवकुमार के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू तथा डॉ. विवेक जोशी से मुलाकात की और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सुझाव साझा किए। निर्वाचन सदन में जेडीएस के साथ यह बैठक हुई है।



### लव मैरिज के लिए 100 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा

**ब्यावर।** राजस्थान के ब्यावर जिले के रास थाना क्षेत्र में दो दिन पहले हुआ एक वाकया फिल्मी सीन से कम नहीं रहा। यहां मस्तान पुत्र भंवर सिंह नामक युवक अपने ही परिवार की लड़की से प्रेम करता था और उससे शादी करना चाहता था, लेकिन परिजनों ने इस रिश्ते को सिरे से ठुकरा दिया। वह हाई टेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया।



### अभिनेत्री के आरोप, युवा कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा

**पलक्कड़।** केरल में मलयालम फिल्मों की अभिनेत्री रिनी एन जॉर्ज ने कांग्रेस पार्टी के एक नेता पर उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इन आरोपों के एक दिन बाद कांग्रेस विधायक राहुल ममकूटाथिल ने यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से इस्तीफा दे दिया। हालांकि वह केरल विधानसभा में पलक्कड़ विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।



## मानसून सत्र चढ़ा एसआईआर पर हंगामे की भेंट, कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने गतिरोध पर जताई निराशा

# लोकसभा की उत्पादकता रही 31 फीसदी, राज्यसभा की 39 प्रतिशत

*कामकाज के लिए 120 घंटे उपलब्ध थे किंतु इस दौरान लोकसभा में केवल 37 घंटे और राज्यसभा में मात्र 41 घंटे 15 मिनट कामकाज हो पाया।*



*दोनों सदनों में कुल 15 विधेयक पारित किए गए*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र बृहस्पतिवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया और इस दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लगातार गतिरोध बना रहा। इसके कारण लोकसभा की उत्पादकता जहां महज 31 घंटे प्रतिशत रही वहीं राज्यसभा में यह 39 फीसदी रही। लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले अपने पारंपरिक संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मानसून सत्र के दौरान कार्यवाही में गतिरोध बनाए रखने पर विपक्षी दलों के प्रति निराशा प्रकट करते हुए कहा कि नियोजित तरीके से सदन के कामकाज में व्यवधान पैदा किया गया जो लोकतंत्र और सदन की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। इसी प्रकार राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने सत्र के दौरान लगातार बने गतिरोध पर निराशा जताते हुए कहा, ''सूचीबद्ध कार्यों पर सार्थक और सुचारू चर्चा सुनिश्चित करने के आसन के भरसक प्रयासों के बावजूद, यह सत्र दुर्भाग्यवश बार-बार व्यवधानों के कारण बाधित रहा।

### लोकसभा 14 विधेयक पेश हुए

इस दौरान सरकार ने लोकसभा में कुल 14 विधेयक पेश किए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए। इनमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए जाने पर पद से हटाए जाने का प्रावधान है।

### प्रयासों के बावजूद सत्र का बार-बार बाधित होना दुर्भाग्यपूर्ण : हरिवंश



राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने बृहस्पतिवार को अफसोस जताते हुए कहा कि सदन के सूचीबद्ध कार्यों पर व्यवधान-रहित चर्चा सुनिश्चित करने के आसन के भरसक प्रयासों के बावजूद, यह सत्र दुर्भाग्यवश बार-बार बाधित हुआ जिससे न केवल बहुमूल्य संसदीय समय का नुकसान हुआ बल्कि सदस्यों को लोक महत्व से जुड़े अपने मुद्दे उठाने का अवसर भी नहीं मिला। उपसभापति ने राज्यसभा के 268वें सत्र के अंतिम दिन सदन को अनिश्चिकाल के लिए स्थगित करने से पहले यह टिप्पणी की।

### ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे चर्चा

सत्र के दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' पर 16 घंटे चर्चा हुई। दोनों सदनों में विशेष चर्चा हुई। लोकसभा में इस चर्चा का जवाब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने और राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब दिया। लोकसभा में इस चर्चा में 73 सदस्यों और राज्यसभा में 65 सदस्यों ने भाग लिया। सत्र के पहले ही दिन राज्यसभा के सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देर शाम स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को सौंप दिया था, जिसे बाद में स्वीकार कर लिया गया।

### ये विधेयक पारित

सत्र के दौरान दोनों सदनों में अनुसूचित जनजातियों के विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्समायोजन से संबंधित गोवा विधेयक 2025, मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2025, मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025, मणिपुर विनियोग (संख्या 2) विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक 2025 पारित किए गए। इनके अलावा आयकर विधेयक 2025, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025, खनिज और खनिज विकास (विनियमन और संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025 और ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 भी हंगामे के बीच दोनों सदनों में पारित किए गए।

### सत्र सरकार और देश के लिए उपयोगी विपक्ष के लिए विफलता वाला : रीजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजिजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि संसद का मानसून सत्र देश और सरकार के लिए ''उपयोगी और सफल'' था, लेकिन विपक्ष के ''असफल और नुकसानदेह'' रहा। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद रीजिजू ने कहा कि सरकार ने अपना सारा कामकाज निपटाया और सत्र की ''सफलता दर 100 प्रतिशत'' रही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सत्ता पक्ष को हंगामे के बीच अपने विधेयक पारित करने पड़े क्योंकि विपक्ष ने चर्चा की अनुमति देने के अनुरोध पर ध्यान नहीं दिया। मंत्री का कहना था, ''सरकार को राष्ट्रहित में जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।'

### ध्यान भटकाने के लिए गृह मंत्री ने 'वेपन ऑफ मास डिस्ट्रैक्शन' वाले विधेयक पेश किए : कांग्रेस

कांग्रेस ने संसद के मानसून सत्र में गतिरोध बने रहने के लिए बृहस्पतिवार को सरकार को जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि गृह मंत्री अमित शाह ने ''वोट चोरी'' जैसे कुछ प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने के मकसद से ''वेपन ऑफ मास डिस्ट्रैक्शन'' (जनता का ध्यान भटकाने के हथियार) के रूप में तीन विधेयक पेश किए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि विपक्ष के बार-बार मांग करने के बावजूद सरकार अड़ी रही और उसने चुनाव प्रक्रिया को लेकर सदन में चर्चा नहीं कराई। रमेश ने कहा, ''इस सत्र की शुरुआत से ही विपक्ष की मांग थी कि पहलगाम, ऑपरेशन सिंदूर और एसआईआर पर चर्चा हो।

### प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के बीच हुई टेलीफोन पर बातचीत

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** अमेरिका की टैरिफ की चुनौती के बीच गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। जिसमें दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया क्षेत्र में जारी मौजूदा संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान को लेकर जारी प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। फ्रांस के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को यह फोन कॉल की थी। जिसमें उन्होंने कीव में शांति स्थापित करने के लिए यूरोप, अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच वाशिंगटन में हुई हालिया बैठकों को लेकर अपना आकलन साझा किया। इसके अलावा गाजा की स्थिति को लेकर भी अपना पक्ष प्रधानमंत्री मोदी के सामने रखा। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत-फ्रांस के राष्ट्राध्यक्षों की इस बातचीत में भारत के प्रधानमंत्री ने तमाम विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और जल्द ही शांति और स्थिरता की स्थापना को लेकर बने हुए भारत के निरंतर सहयोग को प्रतिबद्धता के साथ दोहराया।

### नहीं थम रहा सिलसिला, दिल्ली के छह और स्कूलों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के कम से कम छह स्कूलों को बृहस्पतिवार को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने तलाश अभियान शुरू किया। दिल्ली दमकल सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुबह छह बजकर 35 मिनट से सात बजकर 48 मिनट के बीच दिल्ली के छह स्कूलों में बम की धमकी से संबंधित कॉल आई। इनमें प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल, बीजीएस इंटरनेशनल स्कूल, राव मान सिंह स्कूल, कॉन्वेंट स्कूल, मैक्स फोर्ट स्कूल और द्वारका स्थित इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं। पुलिस दल, अग्निशमन कर्मी और बम निरोधक दस्ते तुरंत स्कूल परिसर में पहुंचे। पिछले चार दिनों में स्कूलों को बम से उड़ाने की यह तीसरी धमकी है। सोमवार को दिल्ली के 32 स्कूलों को ऐसी ही धमकियां मिली थीं, जो बाद में झूठी निकलीं। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के करीब 50 स्कूलों को ई-मेल के जरिए फिर से बम की धमकी मिली, जिसे बाद में 'फर्जी' करार दिया गया।

### भारत किसी की दादागिरी से नहीं डरता, न दबाव में आता है : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी शुल्क लगाए जाने की पृष्ठभूमि में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार कहा कि भारत चुनौतियों से ''घबराता नहीं'' है, न किसी की ''दादागिरी'' से डरता है और न दबाब में आता है, बल्कि 'आंखों में आंखें डालकर बात करता है।'' चौहान ने दिल्ली में पूसा स्थित '' कर्मचारी संकल्प सम्मेलन' को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री ने 'आत्मनिर्भरता' की जरूरत पर जोर देते हुए साफ किया कि मोदी सरकार के लिए राष्ट्रहित व किसानों का हित सर्वोपरि है, जिससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कृषि विभाग ने अपनी बात प्रधानमंत्री के समक्ष रखी थी, ताकि किसानों के हित सुरक्षित रहें। एक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात भी कही है, जिसे उद्धृत करते हुए चौहान ने कहा, ''हम दूसरों पर निर्भर रहेंगे तो पूरी तरह से स्वतंत्र नहीं रह सकते।

सीसीपीए ने बिना किसी देरी पूरा मुआवजा देने के दिए निर्देश

# 'रैपिडो' पर भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए लगाया 10 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ऑनलाइन राइड प्लेटफॉर्म रैपिडो (रॉपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड) पर भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही, सीसीपीए ने कंपनी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जिन उपभोक्ताओं को ऑटो इन 5 मिनट्स ऑर गेट 50 रुपए ऑफर के तहत 50 रुपए का लाभ नहीं मिला है, उन्हें बिना किसी देरी और शर्त के पूरा मुआवजा दिया जाए। सीसीपीए ने पाया कि रैपिडो के विज्ञापन, जैसे ऑटो इन 5 मिनट्स ऑर गेट 50 रुपए और ''गारंटीड ऑटो'', झूठे और भ्रामक थे।

उपभोक्ताओं को असली शर्तें समझ में नहीं आ पाईं



### नियम और शर्तों के फॉन्ट में गफलत

इसके अलावा, विज्ञापन में दिए गए नियम और शर्तों का उल्लेख बेहद छोटे और पढ़ने में कठिन फॉन्ट में था, जिससे उपभोक्ताओं को असली शर्तें समझ में नहीं आ पाईं। कंपनी ने यह भी दावा किया कि यह गारंटी रैपिडो नहीं बल्कि व्यक्तिगत ड्राइवर कैप्टन दे रहे हैं, जिससे जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की गई।

नवादा में पुलिसकर्मी को लगी थी टक्कर

# राहुल गांधी की गाड़ी के ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶ नवादा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी गांधी बिहार के कई जिलों में वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। बीते दिनों वे नवादा जिले में यात्रा के दौरान राहुल के वाहन से टक्कर लग जाने के कारण एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। भाजपा ने इस घटना को लेकर राहुल पर निशाना भी साधा था। अब पुलिस ने इस घटना को लेकर राहुल के वाहन के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने राहुल के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज होने की जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। विस्तृत जानकारी बाद में दी जाएगी। धीमान ने पहले कहा था कि कांस्टेबल काफिले में एक वाहन के सामने गिर गया जिससे वाहन उनके पैरों से थोड़ा सा टकरा गया और उन्हें चोटें आईं।



### दीपावली और छठ पर मिलेगी स्पेशल ट्रेनों की सुविधा

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 12,000 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर के बीच जाने वाली यात्रा और 17 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच वापसी यात्रा करने वाले यात्रियों को रिटर्न टिकट पर 20% की छूट मिलेगी। इस फैसले से त्योहारों पर बड़ी संख्या में यात्रियों को राहत मिलेगी।

//सूचना//

दल संख्या 120300651 कांस्टेबल (पायनियर) जगदीश, 36वीं वाहिनी, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल सुपुत्र श्री बलवीर सिंह, Vill- Dohar, P.O- Khurana, Tehsil - Siwan, Police Station- Sadar Kaithal, Distt.- Kaithal, State- Haryana, Pin- 136027 को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 10.03.2025 (पूर्वा.) से बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अवकाश से अनुपस्थित चल रहे हैं। आपको ड्यूटी पर आमद होने के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा बार-बार निर्देशित किए जाने के बावजूद भी आपने अपनी आमद 36वीं वाहिनी में नहीं दी है। जिसके उपरान्त गठित जॉच न्यायालय की सिफारिश के अनुसार आपको दिनांक 10.03.2025 (पूर्वा.) से 'भगौड़ा' घोषित कर दिया गया है।

2. अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि इस नोटिस के छपने के 30 दिनों के अन्दर ड्यूटी पर अपनी आमद दें। यदि आप इस अवधि में अपनी आमद नहीं देते हैं तो आपको विभाग द्वारा एकतरफा कार्रवाई करते हुए 'सेवा से बर्खास्त' कर दिया जायेगा।

हस्ता/-सेनानी
36वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस

CBC 19112/11/0082/2526

आवारा कुत्तों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा मामला

उच्चतम न्यायालय ने दिए थे निर्देश

# तत्काल सुनवाई करने से अदालत ने किया इनकार

## आरोप-एमसीडी ने जल्दबाजी में शेल्टर होम में रखने का नोटिफिकेशन दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में आवारा कुत्तों के मुद्दे पर दायर एक नई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई करने से इनकार कर दिया। यह याचिका आवारा कुत्तों को एमसीडी द्वारा उठाए जाने के खिलाफ दाखिल की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने इस मामले में कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की। वकील ने दलील दी कि एमसीडी ने बिना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का इंतजार किए आवारा कुत्तों को उठाने और शेल्टर होम में रखने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।



### एमसीडी के नोटिफिकेशन को बताया न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन

नई याचिका पर दोबारा की सुनवाई



कोर्ट में दायर नई अर्जी में यह तर्क दिया गया कि सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच को अभी यह तय करना है कि दो जजों की बेंच की ओर से दिए गए आदेश यानी आवारा कुत्तों को उठाकर शेल्टर होम में रखने के निर्देश को बरकरार रखा जाए या नहीं। याचिकाकर्ता ने यह भी दलील दी कि एमसीडी का नोटिफिकेशन न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन है।

### कोर्ट ने 11 अगस्त को दिया था आदेश

इससे पहले 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर. महादेवन की बेंच ने आदेश दिया कि दिल्ली-एनसीआर में सभी आवारा कुत्तों को शेल्टर में भेजा जाए और उन्हें सड़कों पर वापस न छोड़ा जाए।

### अदालत ने बुनियादी ढांचे के निर्माण का दिया था आदेश

पीठ ने अधिकारियों को कुत्तों के लिए तुरंत आश्रय स्थल बनाने और 8 सप्ताह के भीतर इस तरह के बुनियादी ढांचे के निर्माण के बारे में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। पीठ ने कहा था कि आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखा जाएगा और उन्हें सड़कों, कॉलोनियों या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं छोड़ा जाएगा। शीर्ष अदालत ने 11 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से खासकर बच्चों में होने वाले रेबीज के संबंध में स्वतः संज्ञान लेते हुए 28 जुलाई को शुरू किए गए एक मामले की सुनवाई के दौरान कई निर्देश जारी किए थे।

सूचना

इण्डिया इंटरनेशनल हार्टिकल्चर मार्किट (IIHM) गन्नौर के अधिगृहित क्षेत्र में सर्वे आर्फ इण्डिया की सूची अनुसार पात्र Oustees व Squatters का प्लाट आबंटन ड्रा किया जाना है। ड्रा का आयोजन दिनांक 02-09-2025 को IIHM मण्डी जी० टी० रोड, गन्नौर में प्रातः 10 बजे होगा। पात्र Oustees व Squatters की सूची कार्यालय मार्किट कमेटी, गन्नौर व कार्यालय IIHM मण्डी जी० टी० रोड गन्नौर में देख सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मार्किट कमेटी, गन्नौर में किसी भी कार्य दिवस पर सम्पर्क करें। पात्र व्यक्ति दिनांक 02.09. 2025 को होने वाले ड्रा में समय पर भाग लेना सुनिश्चित करें।

सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी,
मार्किट कमेटी, गन्नौर।

## चिंतन

# धनखड़ के इस्तीफे व वोट चोरी के शोर में बीता सत्र

विस्तारित अवधि के साथ संसद के मानसून सत्र का अनिश्चितकाल के लिए अवसान हो गया। सत्र के दौरान लोकसभा में 12 और राज्यसभा में 15 विधेयक पारित हुए। सबसे महत्वपूर्ण गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करने वाला विधेयक लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पास हो गया। सत्र की यह बड़ी उपलब्धि रही। 21 जुलाई से शुरू मानसून सत्र के करीब एक माह की अवधि 21 अगस्त तक में अधिकतर समय विपक्ष का हंगामा ही जारी रहा। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' पर और बाद में एसआईआर मुद्दे पर चर्चा की मांग के चलते व्यवधान उत्पन्न होते रहे। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दोनों सदनों में चर्चा हुई, पर विपक्ष सरकार के जवाब से नाखुश ही रहा। राज्यसभा में हंगामे की वजह से एक बार भी शून्यकाल और प्रश्नकाल सामान्य तरीके से नहीं हो पाया। लोकसभा में पास विधेयकों में मर्चेंट शिपिंग विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक, आयकर विधेयक, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, भारतीय बंदरगाह विधेयक, खनिज और खनिज विकास (विनियमन और संशोधन) विधेयक, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक अहम हैं। एसआईआर को लेकर चर्चा की मांग के चलते लगातार गतिरोध बना रहा। इसके कारण लोकसभा की उत्पादकता जहां महज 31 घंटे प्रतिशत रही, वहीं राज्यसभा में यह 39 फीसदी रही। मानसून सत्र के दौरान कामकाज के लिए 120 घंटे उपलब्ध थे किंतु इस दौरान लोकसभा में केवल 37 घंटे और राज्यसभा में मात्र 41 घंटे 15 मिनट कामकाज हो पाया। विपक्ष सहयोग देता तो मानसून सत्र अधिक उत्पादक होता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी हंगामे के बीच बुधवार को 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए। इनमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए जाने और लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाए जाने का प्रावधान है। विपक्ष ने विधेयकों का तीखा प्रतिकार किया है। लोकसभा में जब गृह मंत्री इन तीनों विधेयकों को पेश कर रहे थे, उस समय विपक्ष के कुछ सदस्यों को उनके सामने कुछ कागज फाड़कर फेंकते देखा गया। सरकार ने इन तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया, जिसे दोनों सदनों ने मंजूरी दे दी। मानसून सत्र इस बात के लिए हमेशा याद रखा जाएगा कि पहले ही दिन 21 जुलाई को देर शाम में राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कारण स्वास्थ्य बताया गया, पर यह किसी को पचा नहीं। भारत के संसद सत्रीय इतिहास में ऐसा पहली बार था कि सभापति ने अचानक चौंकाते हुए सत्र के पहले दिन ही पद छोड़ दिया हो। इस सत्र में एक भी दिन किसी सदन में गैर सरकारी कामकाज नहीं हुआ। कायदे से देखा जाए तो वोट चोरी के आरोप लगाने वाले विपक्ष के असहयोग के बावजूद सरकार अपने महत्वपूर्ण विधेयक पास करा ले गई। अतीत में भी संसद के अनेक सत्र हंगामे में स्वाहा हुए हैं, यह लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है। विपक्ष अपना दायित्व समझे और सरकार लचीला रुख अपनाए, जिससे सत्र की उत्पादकता बढ़ पाए।



सेहत
डा. मोनिका हीरा

# एंटी एजिंग दवाओं की सनक से रहें दूर

एंटी एजिंग शब्द में ही नकारात्मक भाव है, तो इसका परिणाम सकारात्मक कैसे हो सकता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है। 35 की उम्र के बाद त्वचा पर फाइन लाइन, दाग–धब्बे और त्वचा का ढलना आदि जैसे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। कुछ लोग इन बदलाव को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। प्राकृतिक विकल्प भी है। प्राकृतिक आहार के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी मल्टीविटामिन व मिनरल्स उपलब्ध हों, जैसे फल व सब्जियां, दही, हल्दी, नारियल का तेल, भरपूर जल का प्रयोग आदि के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है।

प्रकृति के नियम के साथ जीवन जीएं, यह सबसे अधिक आनंदपूर्ण है। ग्लैमर इंडस्ट्री में युवतियों पर जवां दिखने का दबाव है, इसके लिए वे एंटी एजिंग दवाओं जैसा रासायनिक तरीका अपनाती हैं, जो शॉर्टकट है, हानिकारक है, कुछेक केस में जानलेवा है। प्राकृतिक जीवनशैली से भी लंबे समय तक जवां रहा जा सकता है और यह तरीका सुरक्षित भी है। महज़ 42 साल की उम्र में अभिनेत्री शेफ़ाली जरीवाला की अचानक मौत ने एंटी एजिंग को लेकर नई बहस को जन्म दिया है। हालांकि शेफ़ाली की मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल सका है, लेकिन इस केस की जांच में जुटे कुछ पुलिस अधिकारियों ने ये कहा है कि शेफ़ाली एंटी-एजिंग टैबलेट्स समेत कई दवाइयां ले रही थीं।

संभवतः ये दवाइयां ख़ाली पेट लेने की वजह से उनका ब्लड प्रेशर अचानक गिर गया और फिर उन्हें संभाला नहीं जा सका। एंटी एजिंग शब्द में ही नकारात्मक भाव है, तो इसका परिणाम सकारात्मक कैसे हो सकता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है। 35 की उम्र के बाद त्वचा पर फाइन लाइन, दाग-धब्बे और त्वचा का ढलना आदि जैसे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। दरअसल, जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, उसके साथ ही चेहरे पर महीन रेखाएं, झुर्रियां भी दिखने लगती हैं, चेहरे की त्वचा भी धीरे-धीरे लटकने लगती है। कुछ लोग इन बदलाव को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। आजकल क्रीम, सीरम के साथ कॉस्मेटिक सर्जरी, इंजेक्टेबल फ़िलर्स, बोटॉक्स वग़ैरह एंटी एजिंग उपायों का चलन बढ़ा है। एंटी एजिंग उपचार कुछ दवाओं और ऐसे कंपाउंड्स के कॉम्बिनेशन से होता है जो बढ़ती उम्र के असर को धीमा करने में मदद करते हैं। इन सबमें ज़्यादा प्रचलित बोटॉक्स है जो एक ऐसा पावरफुल इंजेक्शन है, जो कि हमारी मांसपेशियों को बहुत ही छोटे हिस्से में रिलैक्स करता है। 20 साल से भी अधिक समय पहले यूएस फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं में इसके इस्तेमाल की मंज़ूरी दे दी थी। बोटॉक्स के जोखिमों पर अप्रैल 2024 में तब चर्चा तेज़ हुई, जब यूएस सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने एक चेतावनी जारी करते हुए ये कहा कि 25 से 59 साल की 22 महिलाओं में बोटॉक्स के हानिकारक रिएक्शंस देखे गए हैं।

डर्मल फ़िलर्स इंजेक्शन होते हैं जो स्किन के अंदर दिए जाते हैं। ये उसी पदार्थ से बनते हैं, जिससे हमारी त्वचा की कोशिकाएं बनी होती हैं। स्किन में उम्र के साथ कोलेजन कम होने लगता है, मगर फ़िलर्स की मदद से कोलेजन वापस डाला जाता है और चेहरा जवान लगने लगता है। एंटी एजिंग के लिए कई लोग ग्लूटाथियोन इंजेक्शन का भी इस्तेमाल करते हैं। ये एक एंटीऑक्सीडेंट है, जो हमारे शरीर की कोशिकाओं को होने वाले डैमेज को रोकने में काम आते हैं। ग्लूटाथियोन अक्सर इंट्रावेनस इंजेक्शन और टैबलेट्स के ज़रिए लिया जाता है। ग्लूटाथियोन हमारे शरीर में पहले से ही मौजूद होता है, लेकिन उम्र के साथ-साथ शरीर ग्लूटाथियोन बनाना कम कर देता है। इसलिए इसे बाहर



से लिया जाता है। मगर इसके साइड इफ़ेक्ट्स भी हैं। ये एफ़डीए अप्रूव्ड नहीं हैं। यूएस एफ़डीए ने ग्लूटाथियोन को इसलिए अप्रूव नहीं किया, क्योंकि देखा गया कि इससे कुछ मरीज़ों को एनाफाइलैक्सिस हो सकता है, इंजेक्टेबल दवाओं से स्टीवन जॉनसन जैसी बीमारियां हो सकती हैं, जो लोग स्किन लाइटनिंग या त्वचा को गोरा करने के लिए इन दवाओं का इस्तेमाल करते हैं, उन पर इसका असर तब तक ही होता है जब तक वो इसे ले रहे हैं। इसका असर, हमेशा नहीं रहता।

एंटी एजिंग दवाओं के चलते हार्मोन डिस्टर्ब, पैरालिसिस, स्किन कैंसर आदि साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। एंटी-एजिंग प्रोडक्ट्स में रेटिनॉल, एएचए, बीएचए, सैलिसिलिक एसिड और पर्फ्यूम्स जैसे तत्व मौजूद होते हैं जो ज्यादा इस्तेमाल किए जाने पर त्वचा की प्राकृतिक परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे त्वचा पतली और सेंसिटिव हो जाती है। जब स्किन की प्राकृतिक नमी खो जाती है, तो वह जलन, खुजली और सूखापन जैसी समस्याओं से जूझने लगती है। कुछ एंटी-एजिंग क्रीम्स और सीरम्स में पैराबेन्स, फाइटोएस्ट्रोजन और अन्य हार्मोन जैसे कंपाउंड पाए जाते हैं, जो स्किन के जरिए शरीर में प्रवेश करके हार्मोनल गड़बड़ी का कारण बन सकते हैं। महिलाओं में अनियमित पीरियड्स, मूड स्विंग्स और थायरॉइड असंतुलन जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। रेटिनॉल और हाइड्रोक्विनोन जैसे तत्व त्वचा को सनलाइट के प्रति ज्यादा सेंसिटिव बना देते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जवां दिखने के लिए, त्वचा में निखार लाने के लिए व गोरापन पाने के लिए क्या एंटी एजिंग दवाएं ही विकल्प हैं? तो जवाब है कि प्राकृतिक विकल्प भी है। प्राकृतिक आहार के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी मल्टीविटामिन व मिनरल्स उपलब्ध हों, जैसे फल व सब्जियां, दही, हल्दी, नारियल का तेल, भरपूर जल का प्रयोग आदि के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है।

ब्रोकली, पालक, केला में सल्फर की अच्छी मात्रा पाई जाती है जसिसे ग्लूटाथियोन की मात्रा, शरीर में बढ़ती है। विटामिन-सी रचि फ्रूट्स जैसे आंवला या संतरा और नींबू पानी का सेवन करने से शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा बढ़ती है। इसी तरह एवोकाडो, अखरोट और बादाम वगैरह का सेवन करने से शरीर को डटॉक्स करने में मदद मलिती है। ग्रीन टी और हल्दी का दूध पीने से शरीर को एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मलिते हैं। बेरीज फ्री रेडकिल्स की मात्रा को कम करके त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। पानी सबसे बड़ा डटॉक्स एलिमेंट है। वटिामनि-सी, ई, जकि और सेलेनयिम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स फलों व सब्जियों से ग्रहण करें। एलोवेरा जेल, गुलाब जल, शहद और नारियल तेल का मिश्रण सबसे असरदार घरेलू एंटी-एजिंग उपाय है। ये त्वचा को पोषण, नमी और नेचुरल ग्लो देता है। डाइट में मूंगफली, अखरोट, ब्लूबेरी, गाजर, चुकंदर, टमाटर, आंवला और सिट्रस फ्रूट्स शामिल कर सकते हैं। ताजा फल, सलाद, हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, नट्स और बीजों को डाइट में शामिल करें। सफेद नमक और चीनी से बचें। जंक व पैक्ड फूड व पेय, तली चीजें, व ट्रांस फैट्स से बचें। नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल या शुद्ध घी में किसी का सेवन करें। स्किन को हेल्दी रखने के लिए फेशियल योग या हल्की मसाज करना फायदेमंद होता है। रोजाना कम से कम एक घंटा योग या व्यायाम करें और साइकिलिंग या तैराकी जैसी एक्टिविटीज अपनाएं। मेडिटेशन करें। अच्छी नींद लें। फिर आपको किसी एंटी एजिंग दवाओं की जरूरत नहीं होगी।

(लेखिका प्राकृतिक चिकित्सक व आहार विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विमर्श
प्रवीण दत्त शर्मा



# समाज के लिए खतरा है ऑनलाइन गेम की लत

यह एक स्वागतयोग्य समाचार है कि सरकार ऑनलाइन गेमिंग पर लगाम कसने को तत्पर हो गयी है। ऑनलाइन गेमिंग को रेग्युलेट करने सम्बन्धी बिल लोकसभा और राज्य सभा से पास हो गया है। इसका मकसद ऑनलाइन मनी गेम्स और सट्टेबाजी पर पूरी तरह से बैन लगाना और ई-स्पोर्ट्स व सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ऑनलाइन गेमिंग कम्युनिटी का दूसरा सबसे बड़ा देश हो गया है। पहले नंबर पर चीन है। सरकारी अनुमानों के मुताबिक, भारत में हर साल करीब 45 करोड़ लोग ऑनलाइन मनी गेम्स के जाल में फंसकर नुकसान उठाते हैं। इन गेम्स की लत सिर्फ पैसों का नुकसान ही नहीं बल्कि एक सामाजिक संकट बन चुकी है। इन गेम्स की वजह से आम लोगों को हर साल करीब 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इसकी लत की वजह से सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर 30 प्रतिशत वार्षिक की तेज गति से आगे बढ़ रहा है। यह स्थिति तब है जब भारत में गेमिंग पर 28 फीसदी का जीएसटी लगता है। फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016 में फैंटेसी स्पोर्ट्स खेलने वालों की गिनती 20 लाख थी। 2022 में यह संख्या 22 करोड़ पहुंच गयी। इस सेक्टर के फलने-फूलने का एक कारण इस बारे में अब तक कोई स्पष्ट कानून का न होना भी है। साल 1867 का पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट कहता है सार्वजनिक स्थानों पर ऑनलाइन गेम प्रतिबंधित है। हालांकि भारत में ही कुछ राज्य हैं जहां ऑनलाइन गेंमिग अपराध नहीं है। सिक्किम गोवा, और दमन जैसे स्टेट्स में इसे कानूनी मान्यता है क्योंकि संविधान ये कहता है कि गेंमिग कई मामलों में राज्य का विषय है। इंग्लैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के कुछ देशों में सट्टेबाजी लीगल है। साल 1966 में सुप्रीम कोर्ट ने रमी और घुड़दौड़ में भी सट्टेबाजी को लीगल करार दिया लेकिन क्रिकेट में सट्टेबाजी गैर-कानूनी है। दरअसल हर किसी का सपना अमीर और सम्पन्न बनने का होता है। कई युवा तो बिना कुछ किए-धरे, दिन रात अमीर बनने के ख्वाब देखते रहते हैं। ऑनलाइन जुए के वे लुभावने विज्ञापन, जिनमें बड़े-बड़े खिलाड़ी व फिल्म अभिनेता लोगों को ऑनलाइन गेम या सट्टा खेलने को प्रेरित करते हैं। विज्ञापनों में किए गए दावों की सत्यता का कोई प्रमाण नहीं होता। बस विज्ञापन के नीचे एक चेतावनी कि 'इसको खेलने में जोखिम है, अतः सावधानी से खेलें' लिखकर विज्ञापन कंपनियां अपने कर्तव्य की पूर्ति कर लेती हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी जुए के दुष्परिणामों से वाकिफ थे। इसलिए 26 मई 1921 को मुंबई में उन्होंने कहा था, 'घुड़दौड़ों में दांव लगाना और सट्टा खेलना भी शराबखोरी और वेश्यागमन जैसा ही बुरा काम है। इसके लिए एक प्रबल आंदोलन की जरूरत है"। सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने की निर्णय लेकर समाज को इस नए दौर के जुए से बचाने का प्रयास किया है। अब राष्ट्रीय स्तर की एक ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी बनाने जा रही है। किसी मौजूदा अथॉरिटी या एजेंसी को भी यह भूमिका दी जा सकती है। इसका काम ऑनलाइन गेम्स को कैटिगरी में बांटना और रजिस्ट्रेशन करना होगा। यही अथॉरिटी तय करेगी कि कोई गेम मनी गेम की श्रेणी में आएगा या नहीं। ऑनलाइन गेम्स से जुड़ी शिकायतों को भी यही निकाय देखेगा। नियमों का सही से पालन हो, इसके लिए गाइडलाइंस, आदेश, प्रैक्टिस कोड जारी करने का जिम्मा भी इसी अथॉरिटी का होगा। इस विधेयक में प्रस्ताव है कि निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवा प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। नियमों का उल्लंघन करके विज्ञापन देने वालों के लिए भी प्रावधानों में दो साल तक की कैद या 50 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। इसके अलावा, किसी भी तरह के लेन-देन में शामिल लोगों को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। ऑनलाइन मनी गेमिंग से संबंधित उल्लंघन के लिए बार-बार अपराध करने पर कठोर कारावास (3-5 साल) के साथ-साथ जुर्माना भी हो सकता है। दरअसल ऑनलाइन गेमिंग केवल खेल नहीं रहा, यह आज के दौर का जुआ है। इसकी लत ने हजारों युवाओं का भविष्य और परिवारों की शांति छीन ली है। सरकार का यह कड़ा क़दम समय की मांग है। लेकिन केवल कानून ही काफी नहीं होगा, जरूरत है सामाजिक चेतना, माता-पिता की सतर्कता और युवाओं की आत्मसंयम की। सरकार और समाज मिलकर ही इस बुराई से युवा पीढ़ी को बचा पाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है



संकलित
दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

# चंद्रदेव को दक्ष ने दे दिया था श्राप



संकलित
प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाश का दूसरा नाम है नशा

26 जून, सन 1987 को दुनिया में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध रूप से इनकी तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य यह भी है कि लोग नशे से होने वाले नुकसानों को समझें। सन 1987 से लेकर अब तक यह अभियान कितना अमल में लाया या दुनिया के विभिन्न देशों में यह कितना कामयाब हुआ, विविध सरकारें इसके लिए कितनी गंभीर हैं, यह बातें उतनी अहमियत नहीं रखती, जितना कि यह, कि दुनिया का आमजन नशे के दुष्प्रभावों को कितना समझ पाया है? सरकारों के अभियान तभी कामयाब होते हैं, जब लोग इनमें भागीदारी सुनिश्चित करना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। नशीली दवाओं का सेवन लोगों की जान का दुश्मन बन गया है। नशा, नाश का दूसरा नाम है। – *मनीष सिसोदिया, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा चीन

चीन के सरकारी अधिकारियों ने पिछले महीने तिब्बती पठार के ऊंचाई वाले इलाके में एक स्थान दिखाया और दावा किया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सोलर फार्म होगा। उन्होंने कहा कि इसका क्षेत्रफल 610 किलोमीटर होगा, जो अमेरिका के शिकागो शहर के बराबर है। चीन दुनिया के किसी भी अन्य स्थान की तुलना में बहुत तेजी से सौर पैनल स्थापित कर रहा है और उसे इस क्षेत्र में निवेश करने का लाभ भी मिलना शुरू हो गया है।



बृहस्पतिवार को जारी एक अध्ययन में बताया गया है कि देश का कार्बन उत्सर्जन एक साल पहले की तुलना में, इस वर्ष के पहले छह महीनों में एक प्रतिशत कम हो गया। अध्ययन में कहा गया है कि मार्च 2024 में कार्बन उत्सर्जन में गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ था, जो जारी है। लेकिन दुनिया में ग्रीनहाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जक चीन को वैश्विक जलवायु परिवर्तन को धीमा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए कार्बन उत्सर्जन में और भी तेजी से कमी लाने की आवश्यकता होगी। फिनलैंड में रहने वालीं अध्ययन की लेखिका तथा ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र की प्रमुख विश्लेषक लॉरी माइलीविर्ता ने कहा कि चीन को 2060 तक कार्बन तटस्थता के अपने घोषित लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अगले 35 वर्षों में उत्सर्जन में औसतन तीन प्रतिशत की गिरावट की आवश्यकता होगी।

## ऑफ बीट

# मालिक पुरानी टर्बाइनों को खत्म करने से बच रहे

यूरोप में पवन–फार्म मालिक अपनी पुरानी टर्बाइनों को खत्म करने से बच रहे हैं ताकि वे उनसे अधिकतम बिजली पैदा कर सकें। पवन टर्बाइनों को 25 वर्षों तक चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण बिजली की कीमतों में वृद्धि के चलते मालिकों की गणना में बदलाव आया है। उद्योग प्रतिनिधि विंड यूरोप के अनुसार, 2022 में अनुमानित 1.5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) की तुलना में केवल 454 मेगावाट (एमडब्ल्यू) पुराने टर्बाइनों को बंद किया गया था। यह 1,000 से अधिक टर्बाइनों के बराबर है जिनका जीवन यूरोप में बढ़ा दिया गया है। वास्तव में, यह स्पष्ट रूप से लगातार तीसरा वर्ष है जिसमें पवन टर्बाइनों के डिकमीशनिंग को कम किया गया है। इस बीच, वैश्विक पवन ऊर्जा परिषद ने बताया है कि उत्तर अमेरिकी टर्बाइन डीकमीशनिंग साल दर साल 668एमडब्ल्यू से घटकर 276एमडब्ल्यू हो गई है। यह उस समस्या को हल करने के लिए थोड़ी और अधिक गुंजाइश बनाता है जिसने कुछ समय से रीसाइक्लिंग विशेषज्ञों को परेशान कर रखा है। जबकि अधिकांश पवन टर्बाइन को दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है, उसके ब्लेड को नहीं। वे अधिकतर ग्लास फाइबर या कार्बन–फाइबर प्रबलित प्लास्टिक से बने होते हैं।



## ट्रेंड

### कांग्रेस गैरजिम्मेदार



130वें संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्ष और उसमें मुख्य रूप से कांग्रेस का रवैया न सिर्फ गैरजिम्मेदाराना है। सदन में बिल को फाड़कर फेंकना दर्शाता है कि ये लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए किसी भी संवैधानिक परंपरा का अपमान कर सकते हैं।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### स्वदेशी सामान खरीदें




जो चीज़ें भारत में बनती है, वही खरीदें, इससे हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हम सेल्फ हेल्प ग्रुप का बना सामान खरीदें, इससे हमारी बहनों-बेटियों को रोजगार भी मिलेगा और हमारा पैसा हमारे ही लोगों के पास रहेगा। भारत से बड़ा बाजार दुनिया में कहीं नहीं है।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### पुनर्विचार करे सरकार



130वाँ संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनीतिक हालात में, यह स्पष्टतः लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है। सरकार इसे देश के लोकतंत्र एवं संविधान के हित में ज़रूर पुनर्विचार करे तो यह उचित होगा।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### हमला निंदनीय



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों का मतभेद और विरोध स्वीकार्य है, लेकिन हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित, हीथर की वापसी

**लंदन।** पूर्व कप्तान हीथर नाइट को आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली जबकि भारत के खिलाफ हाल में हुई श्रृंखला से बाहर रहने के बाद साराह ग्लेन और डेनी व्याट-हॉज की भी टीम में वापसी हुई है। दाएं पैर की मांसपेशियों में टेंडन की चोट के कारण पिछले कुछ महीनों तक बाहर रहने के बाद नाइट ने टीम में वापसी की है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार नाइट को टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनकी चोट से उबरने की प्रक्रिया जारी है और उने 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है।

### खेल दिवस पर देश में होंगे तीन दिन कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी की आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए खेल मंत्रालय इस साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर देश भर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसमें नागरिकों को 'एक घंटा खेल के मैदान पर' देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### कड़े मुकाबले में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 से हराया

# अमेरिकी ओपन : इरानी और वावसोरी ने जीता मिक्सड डबल्स का खिताब

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना मिश्रित युगल खिताब बरकरार रखा। इटली की इस जोड़ी ने फाइनल में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराया। इस तरह से उन्होंने दो दिनों में चार मैच जीतकर 10 लाख डॉलर ( करीब 8.71 करोड़ रुपए ) की इनामी राशि हासिल की जो पिछले साल उन्हें मिली पुरस्कार राशि से कहीं अधिक है। इरानी और वावसोरी उन कई खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने पहले इस नए प्रारुप की आलोचना की थी लेकिन चैंपियन बनने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उन्होंने दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया।



### 24 अगस्त से शुरू होंगे सिंगल मुकाबले

वावसोरी ने कहा, 'मुझे लगता है कि इतने सारे दर्शकों के सामने इस कोर्ट में खेलना अद्भुत था और मैं इस माहौल के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।' इससे पहले स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावसोरी ने डेनियल कोलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे।

### अमेरिकी ओपन में नहीं चल पाए बड़े नाम

इस आयोजन में पूर्व अमेरिकी ओपन एकल चैंपियन कार्लोस अल्काराज, एम्मा राडुकानू, नोवाक जोकोविच, नाओमी ओसाका और डेनियल मेद्वेदेव जैसे दिग्गज शामिल थे, जो पहले दिन ही हार गए थे। उनके बिना भी,आर्थर ऐश स्टेडियम में हुए तीनों मैचों के लिए लगभग सभी सीटें भरी हुई थीं, हालाँकि दोपहर में ज़्यादातर बारिश होने के कारण स्टेडियम की छत बंद थी।

### अमेरिकी टेनिस संघ ने उठाया साहसिक जोखिम

रूड ने स्वीकार किया कि अमेरिकी टेनिस संघ ने अपने बदलावों के साथ एक साहसिक जोखिम उठाया है,आलोचकों का कहना है कि इसने चैंपियनशिप को, पहले तीन राउंड में चार सेटों तक छोटा करके, एक शानदार प्रदर्शन में बदल दिया है, न कि पहले के दो हफ़्ते, 32-गेम वाले आयोजन में। लेकिन युगल में विशेषज्ञता रखने वाले खिलाड़ी भी इस बात से सहमत थे कि इस आयोजन को उनकी आदत से कहीं ज़्यादा ध्यान मिला।

### हमारे लिए खेलना जरूरी था

वावस्सोरी ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे लिए खेलना जरूरी था। जैसे, मुझे कहना होगा कि यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि यह वाकई एक संदेश था कि युगल मुकाबले कुछ बेहतर बन सकते हैं। स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। लोग इसका आनंद ले रहे थे। अगर कुछ काम नहीं करता है, जैसे, हमने आज दिखाया कि वह काम कर रहा है। लोग तो पागल हो रहे थे। यह एक ऐसा माहौल था, जिसका आनंद युगल खिलाड़ियों को कम ही मिलता था और अमेरिकी ओपन के आयोजकों ने भी यही चाहा था जब उन्होंने अपने टूर्नामेंट में आमूलचूल परिवर्तन किया और इसे एकल मुकाबले शुरू होने से पहले रविवार को आयोजित किया, इस उम्मीद में कि टेनिस के सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ी इसमें खेलेंगे।

सिंकफील्ड कप

# गुकेश को सेवियन ने ड्रा पर रोका, प्रज्ञानंदा ने बांटे अंक



एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी सैमुअल सेवियन ने ड्रॉ पर रोका जबकि उनके साथी भारतीय खिलाड़ी आर. प्रज्ञानंदा ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से अंक बांटे। प्रज्ञानंदा ने लगातार दूसरी बाजी ड्रॉ खेली लेकिन इसके बावजूद वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना और अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं।

### प्रज्ञानंदा, अरोनियन और कारुआना संयुक्त बढ़त पर



एकमात्र निर्णायक बाजी में कारुआना ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को टूर्नामेंट में पहली हार का स्वाद चखाया। अरोनियन को फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव ने ड्रॉ पर रोका, जबकि एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज्स्टॉफ़ के साथ अंक बांटे। इस 3,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी छह राउंड खेले जाने बाकी हैं। अभी प्रज्ञानंदा, अरोनियन और कारुआना दो-दो अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। उनके बाद वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश का नंबर आता है, जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। डुडा एक अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव ने यहां अपने पहले तीन मैचों में आधा अंक हासिल कर खाता खोला है।

## विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली महिला मुक्केबाजों का होगा लिंग परीक्षण



**लॉस एंजिलिस।** ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी की नियामक संस्था 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली सभी मुक्केबाजों के लिए लिंग परीक्षण अनिवार्य करेगी। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' (विश्व मुक्केबाजी) ने पहले ही अपनी योजना की घोषणा कर दी है, जिसके तहत प्रतियोगियों को जन्म के समय के लिंग का निर्धारण करने के लिए पॉलीमरेज चेन रिएक्शन टेस्ट या उसी तरह के आनुवंशिक स्क्रीनिंग टेस्ट से गुजरना होगा। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने घोषणा की कि ये नियम सितंबर की शुरुआत में इंग्लैंड के लिवरपूल में होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले लागू किए जाएंगे। इन परीक्षण से जैविक लिंग के सूचक के रूप में वाई गुणसूत्र की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान की जाती है। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा, 'विश्व मुक्केबाजी सभी खिलाड़ियों की गरिमा का सम्मान करती है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती है कि यह यथासंभव समावेशी हो।' उन्होंने कहा, 'फिर भी मुक्केबाजी जैसे खेल में, सुरक्षा और प्रतिस्पर्धात्मक निष्पक्षता सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है और इसलिए यह नियम बनाया गया है।'

## अभिनव को स्वर्ण, भारत ने निशानेबाजी चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान मजबूत किया

शिमकेंट ▶▶| (कजाखस्तान)

भारतीय निशानेबाजों ने बृहस्पतिवार को 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन दांव पर लगे पांच में से चार स्वर्ण पदक जीतकर दबदबा कायम किया जिससे देश के पदकों की संख्या 26 हो गई। भारत ने अब तक 14 स्वर्ण, छह रजत और इतने ही कांस्य पदक जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अभिनव साव ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने की शुरूआत की। उन्होंने पहले नारायण प्रणव (631.1 अंक से तीसरे स्थान पर) और हिमांशु (630.9 अंक से चौथे स्थान पर) के साथ क्वालीफिकेशन में 628.1 अंक हासिल कर फाइनल में जगह पक्की करने के अलावा यह भी सुनिश्चित किया कि भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने के साथ तीनों का 1890.1 अंक का स्कोर एशियाई और जूनियर विश्व रिकॉर्ड दोनों ही बने। इसके बाद उन्होंने रोमांचक फाइनल में पांच शॉट की श्रृंखला के बाद ग्रिड पर पांचवें स्थान से शुरूआत की और दूसरे के बाद बढ़त बना ली। उनकी अंतिम चरण में ली ह्यूनसो के साथ कड़ी टक्कर हुई। लेकिन भारतीय निशानेबाज ने संयम रखते हुए 17वें और 18वें शॉट पर नौ अंक का स्कोर बनाते हुए कोरियाई खिलाड़ी को 0.1 से पीछे छोड़ दिया। इसके बाद 10.9 अंक का 21वां शॉट सोने पे सुहागा साबित हुआ। वहीं शॉटगन रेंज में मानसी रघुवंशी ने महिला जूनियर स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि हमवतन यशस्वी राठौर ने रजत पदक जीता। मानसी फाइनल में 53 अंक बनाकर चैंपियन बनीं जबकि यशस्वी ने 52 अंक बनाकर कजाखस्तान की लिडिया बशारोवा (40) को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय निशानेबाज अग्रिमा कंवर (15) फाइनल में छठे और अंतिम स्थान पर रहीं। मानसी ने पांच दौर में कुल 106 अंक से दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई जबकि बशारोवा ने 112 अंक से क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## अजय सिंह फिर भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष बने

**गुरूग्राम।** निवर्तमान अजय सिंह बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष बन गए जिन्होंने लंबे इंतजार के बाद हुए चुनाव में जसलाल प्रधान को हराया। कानूनी लड़ाई के बीच छह महीने से अधिक समय से स्थगित हुए ये चुनाव निर्वाचन अधिकारी राजेश टंडन और बीएफआई की अंतरिम समिति के प्रमुख सिंगापुर के फैरूज मोहम्मद की मौजूदगी में हुए जिन्हें विश्व मुक्केबाजी ने पर्यवेक्षक के तौर पर भेजा था। विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट और महासचिव माइक मैकएटी चुनाव में पर्यवेक्षक होने थे लेकिन उन्होंने इसमें भाग नहीं लिया। खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ ने भी कोई पर्यवेक्षक नहीं भेजा। स्पाइसजेट एयरलाइंस के प्रबंध निदेशक सिंह ने चुनाव 40.26 से जीता। महासंघ के नये महासचिव उत्तर प्रदेश के प्रमोद कुमार होंगे जिन्होंने असम के हेमंता कलीता की जगह ली। कलीता लगातार दो बार चार साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद चुनाव लड़ने से अयोग्य हो गए थे चूंकि पदाधिकारी को बीच में विश्राम की अवधि पूरी करनी होती है।





पश्चिम बंगाल की जनता को लगभग ₹5,200 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
द्वारा

सियालदह-एस्प्लानेड सेक्शन (ग्रीन लाइन)
बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय सेक्शन (ऑरेंज लाइन)
नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर सेक्शन (येलो लाइन)
एवं
हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर सबवे
का उद्घाटन

सियालदह-एस्प्लानेड (ग्रीन लाइन)
बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय (ऑरेंज लाइन)
नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर (येलो लाइन)
मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

छह लेन एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे, NH-12
का शिलान्यास

मुख्य विशेषताएं और लाभ

मेट्रो परियोजनाएं

ग्रीन लाइन (सियालदह-एस्प्लानेड)
लंबाई: 3 किमी | लागत: लगभग ₹1180 करोड़
- हावड़ा मैदान से साल्ट लेक सेक्टर V तक का अंतिम लिंक
- मेट्रो से हावड़ा और सियालदह तक का सफ़र 60 मिनट की जगह 11 मिनट में होगा पूरा
- बीबीडी बाग, एस्प्लेनेड और साल्ट लेक-न्यू टाउन में छात्रों और पेशेवरों के लिए बड़ी राहत

येलो लाइन (नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर)
लंबाई: 7 किमी | लागत: ₹1850 करोड़ से अधिक
- अब कोलकाता एयरपोर्ट सीधे मेट्रो नेटवर्क से जुड़ा
- हवाई अड्डे तक यात्रा का समय 1 घंटे से घटकर हुआ 30 मिनट
- दम दम कैंटोनमेंट में इंटरचेंज से शहर और उपनगरों तक आसान कनेक्टिविटी

ऑरेंज लाइन (बेलेघाटा– हेमंत मुखोपाध्याय )
लंबाई: 4 किमी | लागत: ₹875 करोड़
- न्यू गरिया से बेलेघाटा तक मौजूदा लाइन का विस्तार
- बेलेघाटा से कवि सुभाष तक की यात्रा अब केवल 23 मिनट में पूरी
- कोलकाता, उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों के निवासियों को मिलेगा लाभ

हावड़ा स्टेशन पर नया सबवे
लागत: ₹50 करोड़ से अधिक
- मेट्रो और ईस्टर्न/साउथ-ईस्टर्न रेलवे के बीच सुविधापूर्ण इंटरचेंज
- समय की बचत और यात्रा में मिलेगी अतिरिक्त सुविधा

विश्वस्तरीय स्टेशन और सुविधाएँ
- नए स्टेशन: वीआईपी बाज़ार, ऋत्विक घटक, बरुण सेनगुप्ता, बेलेघाटा, दमदम कैंटोनमेंट, जेसोर रोड, जय हिंद विमानबंदर
- आधुनिक सुविधाएँ: लिफ्ट, एस्केलेटर, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था

छह लेन एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे (NH-12, लंबाई: 7 किमी, लागत: ₹1200 करोड़ से अधिक )
- यातायात जाम और वाहनों द्वारा कार्बन उत्सर्जन में कमी, वायु गुणवत्ता में सुधार
- डायमंड हार्बर, काकद्वीप और बक्खाली जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुँच आसान बनाकर पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा
- NH-16, NH-19, NH-116, NH-2E और NH-34 को जोड़ते हुए क्षेत्रीय यात्रा को सुगम बनाता है

गरिमामयी उपस्थिति

डॉ. सी.वी. आनंद बोस — राज्यपाल, पश्चिम बंगाल
ममता बनर्जी — मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल
अश्विनी वैष्णव — केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
शांतनु ठाकुर — केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री
रवनीत सिंह — केंद्रीय रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
डॉ सुकांत मजूमदार — केंद्रीय शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री
सुवेंदु अधिकारी — नेता प्रतिपक्ष, पश्चिम बंगाल विधानसभा
प्रो. सौगत रॉय — सांसद
समीक भट्टाचार्य — सांसद

दिनांक: 22 अगस्त, 2025 | स्थान: दम दम, कोलकाता, पश्चिम बंगाल | समय: अपराह्न: 4:30 बजे

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें
भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinIndia

गगनयान मिशन इसरो का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसके तहत 2027 में भारतीय वायुसेना के तीन पायलटों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। ये पायलट 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन रहेंगे और इसके बाद हिंद महासागर में सुरक्षित लैंडिंग कराई जाएगी

### मिशन की कुल लागत 20,193 करोड़ रुपये

# भारत तैयार: दिसंबर में इसरो लॉन्च करेगा पहला गगनयान परीक्षण

पहली दो खाली टेस्ट फ्लाइट भेजी जाएगी

तीसरी फ्लाइट में एक रोबोट भेजा जाएगा




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इसरो दिसंबर तक पहला गगनयान परीक्षण मिशन लॉन्च करेगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, इसरो प्रमुख वी. नारायण और भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने मीडिया से यह बात की। शुभांशु ने गगनयान मिशन पर कहा कि जल्द ही भारत अपने रॉकेट और कैप्सूल से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने बताया कि 20 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद शरीर गुरुत्वाकर्षण भूल जाता है और जमीन पर वापसी पर उसे दोबारा ढलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक्सिओम मिशन इसके तहत वे दो हफ्तों तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में रहे। इस दौरान वे मिशन पायलट और कमांडर के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे।

### निसार उपग्रह सही ढंग से काम कर रहा

इसरो प्रमुख ने बताया कि 30 जुलाई को जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट ने नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (निसार) को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। यह उपग्रह पूरी तरह से सही ढंग से काम कर रहा है। नारायणन ने कहा कि अगले दो से तीन महीनों में भारत 6,500 किलो का अमेरिकी कम्युनिकेशन सैटेलाइट भी अपने लॉन्च व्हीकल से प्रक्षेपित करेगा।

### आईएसएस का अनुभव यादगार

शुक्ला ने इस मिशन को संभव बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने बताया कि आईएसएस पर रहते हुए कई प्रयोग किए गए और पृथ्वी व अंतरिक्ष से जुड़ी तस्वीरें भी ली गईं। उन्होंने कहा कि इसके लिए लंबी ट्रेनिंग ली गई थी और यह अनुभव उनके जीवन का सबसे अलग और यादगार रहा।

### भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन

*शुभांशु शुक्ला ने भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह इसरो का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसके तहत 2027 में भारतीय वायुसेना के तीन पायलटों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। ये पायलट 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन रहेंगे और इसके बाद हिंद महासागर में सुरक्षित लैंडिंग कराई जाएगी। मिशन की कुल लागत लगभग 20,193 करोड़ रुपए है। शुक्ला ने कहा कि गगनयान की तैयारी के लिए पहले दो खाली टेस्ट फ्लाइट भेजी जाएंगी, इसके बाद एक फ्लाइट में रोबोट भेजा जाएगा। जब यह सब सफल हो जाएगा।*

### पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत की अंतरिक्ष यात्रा को मिली नई गति

*कार्यक्रम में इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत की अंतरिक्ष यात्रा को नई गति मिली है। उन्होंने याद दिलाया कि दक्षिण एशियाई सैटेलाइट को भारत ने बनाकर सदस्य देशों को समर्पित किया। इसके अलावा भारत ने जी20 देशों के लिए भी एक सैटेलाइट तैयार किया। नारायणन ने कहा कि 10 साल पहले देश में सिर्फ एक स्पेस स्टार्टअप था, लेकिन आज 300 से ज्यादा स्टार्टअप्स अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे हैं। निजी कंपनियों ने अब तक दो सब-ऑर्बिटल मिशन पूरे किए हैं। यह दिखाता है कि भारत की स्पेस इकोनॉमी लगातार बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में इसका और विस्तार होगा।*

### राजनाथ सिंह की शुभांशु से मुलाकात

**कहा- उनकी उपलब्धियों पर देश को गर्व**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की। शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष सफर, कक्षा में किए गए महत्वपूर्ण प्रयोगों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति और भारत के गगनयान मिशन के भविष्य पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने उनके प्रेरणादायक अंतरिक्ष सफर, अंतरिक्ष में किए गए अहम प्रयोगों, विज्ञान और तकनीक में हो रही प्रगति और भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के भविष्य पर चर्चा की।

### रूस दौरे के अंतिम दिन जयशंकर ने अमेरिका और यूरोप पर साधा निशाना, कहा

# हम नहीं, चीन रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार, 50% टैरिफ 'गलत'

एलएनजी के रूस से बड़े खरीदार यूरोपीय देश

*जयशंकर ने कहा कि भारत एक ऐसा देश हैं, जिसे अमेरिकी प्रशासन खुद कहता आया है कि हमें वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है। वैसे, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं और वह मात्रा बढ़ रही है*

एजेंसी/हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ मॉस्को/नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपनी रूस यात्रा के अंतिम दिन गुरुवार को मीडिया से चर्चा में एक बार फिर कहा कि हम (भारत) रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं, वह चीन है। हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं हैं, वह यूरोपीय संघ है। 2022 के बाद रूस के साथ व्यापार में सबसे तेज बढ़त भी हमारे साथ नहीं हुई, बल्कि दक्षिण के कुछ अन्य देशों के साथ हुई है। हम पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाना गलत है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश हैं, जिसे अमेरिकी प्रशासन खुद कहता आया है कि हमें वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है।

वैसे, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं और वह मात्रा बढ़ रही है। जयशंकर ने कहा कि मैंने रूस की सेना में सेवा कर रहे भारतीयों का मुद्दा भी उठाया। कई लोगों को रिहा किया गया है, लेकिन अब भी कुछ मामलों में लोग लापता हैं या प्रक्रिया लंबित है। हमें उम्मीद है कि रूसी पक्ष जल्द इन मामलों का समाधान करेगा।

रूस ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत के संतुलित दृष्टिकोण का समर्थन किया

भारत कृषि, दवा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों से रूस को निर्यात बढ़ाएगा



### भारत संग विशेष रणनीतिक साझेदारी

रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने कहा रूस भारत के साथ अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखते हैं और हमें उम्मीद है कि हम इन संबंधों को पूरी तरह सही ठहराएंगे। उन्होंने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नई व्यवस्था बनते हुए देख रहे हैं, जो एक बहुध्रुवीय व्यवस्था है। इसमें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स और जी20 की भूमिका बढ़ती जा रही है और निश्चित रूप से संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा मंच है।

### व्यापार असंतुलन को ठीक करना जरूरी

जयशंकर ने कहा कि भारत-रूस ने द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित और टिकाऊ तरीके से बढ़ाने की अपनी साझा इच्छा दोहराई है। इसके लिए भारत को रूस को होने वाले निर्यात को बढ़ाना जरूरी है। इसके लिए गैरजरूरी शुल्क बाधाओं और नियमों से जुड़ी अड़चनों को जल्दी दूर करना होगा। भारत के कृषि, दवा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाकर इस व्यापार असंतुलन को ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा रक्षा और सैन्य तकनीकी सहयोग भी मजबूत बना हुआ है। रूस भारत के 'मेक इन इंडिया' लक्ष्य का समर्थन करता है, जिसमें संयुक्त निर्माण और तकनीक हस्तांतरण शामिल है।

### दुनिया में सबसे स्थिर रहे भारत-रूस संबंध

जयशंकर ने कहा कि बुधवार को उनकी रूसी डिप्टी पीएम डेनिस मांतुरोव के साथ अंतर-सरकारी आयोग की बहुत कामयाब बैठक रही। हमने द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा की और कई समाधान भी निकाले। जयशंकर ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से भारत और रूस के संबंध दुनिया के सबसे स्थिर और मजबूत संबंध रहे हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापार और निवेश के जरिए सहयोग बनाए रखना भी बहुत जरूरी है।

### विदेश मंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन से की मुलाकात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और समझा जाता है कि उन्होंने भारत-रूस संबंधों को और विस्तारित करने के तरीकों पर चर्चा की। यह बैठक जयशंकर द्वारा रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ व्यापक वार्ता के कुछ घंटों बाद हुई, जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को बढ़ाने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। जयशंकर ने लावरोव के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि हमारा मानना है कि भारत और रूस के बीच संबंध द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया के सबसे प्रमुख संबंधों में से एक रहे हैं। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक समन्वय, नेतृत्व के बीच आपस में संपर्क और लोकप्रिय भावना इसके प्रमुख मुख्य प्रेरक तत्व बने हुए हैं।

### यूक्रेन पर रूस का अब तक का सबसे बड़ा हमला

# 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों के साथ बरपाया कहर, 1 की मौत, 15 घायल

एजेंसी ▶▶ कीव



यूक्रेन से संघर्ष विराम को लेकर जारी पश्चिमी देशों की कवायद के बीच रूस ने यूक्रेन पर इस साल का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले के बारे में बताते हुए कहा कि रूसी सेना ने देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने उन पर 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने भी इन हमलों को लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता संस्था पर हमला किया है। रूस अब लगातार शाहिद ड्रोन, क्रूज मिसाइलों और ग्लाइड बमों का उपयोग कर यूक्रेनी शहरों पर हमला कर रहा है। इससे यूक्रेन की एयर डिफेंस व्यवस्था पर भारी दबाव है।

### यूएस बोला- कीव की सुरक्षा यूरोप करे

अमेरिका धीरे-धीरे यूक्रेन की मदद से अपने हाथ पीछे खींच रहा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब यूरोप को लेनी चाहिए। भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यूक्रेन की मदद की पहली जिम्मेदारी यूरोपीय देशों की है। अमेरिका मदद के लिए तैयार है, लेकिन ज्यादा जिम्मेदारी यूरोपीय देशों की है। वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष में अमेरिका की भागीदारी को न्यूनतम करना चाहते हैं। वेंस ने कहा मुझे नहीं लगता कि अब हमें इस बोझ को और आगे जारी रखना चाहिए। अगर युद्ध को समाप्त कराने के लिए जरूरी हुआ तो हम मदद के लिए तैयार हैं। हम उम्मीद है और राष्ट्रपति भी यही चाहते हैं कि यूरोप अब नेतृत्वकारी भूमिका निभाए। राष्ट्रपति ने साफ कहा है कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन तब तक हम कोई वचन नहीं दे सकते, जब तक हम युद्ध को रुकवाने का रास्ता नहीं ढूंढ लेते।

***राष्ट्रपति जेलेंस्की बोले 10 दिन में करेंगे मंथन*** *:यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अगले 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर मंथन किया जाएगा और रूस के साथ वार्ता पर आगे चर्चा होगी। इस चर्चा में यूरोपीय देश के नेताओं के साथ-साथ अमेरिकी प्रशासन भी रहेगा।*




### इमरान खान को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व पीएम इमरान खान की 9 मई, 2023 के दंगों से संबंधित 8 मामलों में दाखिल जमानत याचिका मंजूर कर ली है। इमरान खान की तरफ से सलमान सफदर जबकि पंजाब के विशेष अभियोजक जुल्फिकार नकवी ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) याह्या अफरीदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति मुहम्मद शफी सिद्दीकी और मियांगुल हसन औरंगजेब भी शामिल थे।

निक्की हेली ने ट्रंप को चेताया

# 50% टैरिफ विवाद से भारत-यूएस के वर्षों पुराने मजबूत संबंध होंगे प्रभावित

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ का उन्हीं की पार्टी की नेता और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने विरोध किया है। निक्की हेली ने ट्रंप टैरिफ की खामियां गिनाते हुए तर्क दिया है कि टैरिफ नीति से भारत-अमेरिका के वर्षों से चले आ रहे मजबूत संबंध प्रभावित होंगे। इसका प्रतिकूल असर यूएस पर पड़ सकता है। अमेरिका को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। निक्की ने तर्क दिया है कि भारत को एक विरोधी की तरह नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक साझेदार के रूप में देखा जाना चाहिए।

### चीन को छूट, भारत पर सख्ती क्यों?

निक्की हेली ने कहा कि भारत पर टैरिफ लगाना और उसे कमजोर करने की कोशिश बड़ी गलती होगी। उन्होंने कहा कि भारत का विकास सभी के लिए एक मौके की तरह है। यह चीन की तरह खतरनाक नहीं है। चीन रूस से तेल खरीदने के बावजूद अमेरिका के कड़े प्रतिबंध से बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत को साझेदार के बजाय दुश्मन की तरह देखना 'एक बड़ी और रोकी जा सकने वाली गलती होगी।'

### ट्रंप की अब तक की सबसे बड़ी गलती

भारतीय-अमेरिकी पत्रकार, राजनीतिक विशेषज्ञ फरीद जकारिया ने भी ट्रंप प्रशासन के फैसले पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भारत पर जबरदस्ती टैरिफ थोपना और पाकिस्तान के साथ रिश्तों को बेहतर बनाना ट्रंप प्रशासन की सबसे बड़ी विदेश नीति गलती है। इस फैसले से भारत, अमेरिका को लेकर सतर्क हो जाएगा। वहीं,वो रूस और चीन से अपने रिश्तों को और बेहतर बनाएगा।

### दो दशकों की मेहनत पर पानी फेर रहे ट्रंप

अमेरिकी अर्थशास्त्री जेफरी सैक्स ने भी टैरिफ को लेकर ट्रंप प्रशासन के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने ट्रंप के इस फैसले को राजनीतिक मूर्खतापूर्ण कदम बताया है। वरिष्ठ अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बेहतर संबंध बनने में दो दशक लगे हैं।

### भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए यूएसएआईडी ने नहीं की फंडिंग

# ट्रंप ने झूठ बोला...अमेरिकी दूतावास ने किया बड़ा खुलासा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिकी दूतावास ने अमेरिका से चुनावी फंडिंग पर वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे का खंडन किया है। अमेरिकी दूतावास ने यह डेटा केंद्र सरकार को दिया है, जिसने इसे संसद में साझा किया है। इस डेटा के मुताबिक यूएसएआईडी ने भारत में चुनावी गतिविधियों के लिए कोई फंड नहीं दिए। इस डेटा के मुताबिक भारत में चुनाव संबंधी अनुदानों की लिस्ट में 21 मिलियन डॉलर की कोई एंट्री नहीं है। इस साल उनके राष्ट्रपति बनने के बाद फरवरी में ट्रंप प्रशासन ने भी दावा किया था कि भारत के चुनाव में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए यूएसएआईडी ने 21 मिलियन डॉलर खर्च किए।



### 21 मिलियन डॉलर देने का किया था दावा

अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) की ओर से फरवरी में एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया गया था कि अन्य अनुदानों के साथ ही भारत को वोटर टर्नआउट के लिए 21 मिलियन डॉलर के अनुदान को रद्द किया जाता है। इससे पहले ट्रंप ने लगातार आरोप लगाए थे कि उनकी पूर्ववर्ती डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकार ने भारत के चुनावों में दखल दिया था।

### अमेरिकी दूतावास ने ट्रंप के दावों का किया खंडन

लेकिन, केंद्र सरकार ने सीपीएम सांसद जॉन ब्रिटास के प्रश्न के जवाब में संसद को बताया है कि जब अमेरिकी प्रशासन ने 16 फरवरी को दावा किया कि वह भारत को चुनाव के लिए मिलने वाले अनुदान को रद्द कर दिया है तो उसने तुरंत अमेरिकी दूतावास से भारत में यूएसएआईडी की ओर से समर्थित सभी तरह के प्रोजेक्ट की बीते 10 वर्षों का ब्योरा उपलब्ध कराने को कहा। विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह के हस्ताक्षर वाले जवाब के अनुसार अमेरिकी दूतावास ने 2 जुलाई को इस संबंध में सूचना मुहैया करवाई। मंत्री ने संसद को बताया कि अमेरिकी दूतावास ने यूएसएआईडी की ओर से फंडिंग वाले सभी अनुदानों की लिस्ट उपलब्ध करवाई है, जिसमें चुनाव संबंधी कोई भी अनुदान का जिक्र नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी राजदूत ने बताया है कि 15 अगस्त से यूएसएआईडी भारत में कार्य बंद कर दिया। अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के दावे से पहले से ही डोनाल्ड ट्रंप कह रहे थे कि जो बाइडेन सरकार भारत के चुनावों में दखल देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जगह किसी और को चुने जाने में मदद की कोशिश कर रही थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25